हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026



# अंचल में न्यूनतम तापमान पहुंचा 8 डिग्री, दो दिन शीतलहर का येलो अलर्ट

## क्षेत्र में आ रही उत्तर दिशा से ठंडी हवाओं का असर, 9 जनवरी के बाद मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अंचल सहित प्रदेशभर में पिछले दो दिनों से मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने के बाद उत्तर दिशा से शुष्क और ठंडी हवाओं के चलते अंचल में ठंड लौट आई है। इसका सीधा असर तापमान पर पड़ा है। राजनांदगांव सहित प्रदेश के मध्य इलाकों में तापमान तेजी से नीचे आया है। हालांकि दो दिनों की ठंड के बाद कुछ राहत मिलने की संभावना है। रात के तापमान में इजाफा देखने को मिल सकता है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव सहित रायपुर और दुर्ग जैसे जिलों में न्यूनतम तापमान में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 48 घंटे के दौरान इन जिलों में न्यूनतम तापमान में लगभग 3 से 6 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। जिससे आम लोगों को रात और सुबह के समय तेज ठंड का सामना करना पड़ रहा है। दिन में धूप निकलने के बावजूद ठंडी हवाओं के कारण ठिठुरन बनी हुई है। रात के समय शीतलहर चली। जबकि सुबह के वक्त धुंध और हल्के से मध्यम कोहरे का असर देखा गया। ठंड इतनी तेज रही कि दिन की धूप भी राहत नहीं दे पाई।

### 10 डिग्री के नीचे तापमान

राजनांदगांव सहित केसीजी और एमएमसी जिले में भी तापमान में गिरावट देखने को मिली है, जहां अंचल का अधिकतम तापमान 26 डिग्री के करीब आ गया है। वहीं रात का पारा यानि न्यूनतम तापमान 8 डिग्री के आसपास बना हुआ है, जो सामान्य से लगभग चार डिग्री तक कम है। ठंड में इजाफा होने के चलते वायरल के मरीजों में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिली है।



### दो दिन बाद से मिलेगी राहत

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के अनुसार अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। इस दौरान मध्य और उत्तरी छत्तीसगढ़ में शीतलहर चल सकती है और कुछ इलाकों में कोहरा छाए रहने की आशंका है। मौसम विभाग का कहना है कि 15 जनवरी के बाद न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोत्तरी हो सकती है। इसके साथ ही ठंड के असर में भी कमी आने के आसार हैं। हालांकि तब तक प्रदेश के कई हिस्सों में सर्द मौसम बना रहेगा और गर्म कपड़ों की जरूरत बनी रहेगी।

### तीनों जिलों के लिए अलर्ट

मौसम विभाग द्वारा बुधवार को शीत लहर का येलो अलर्ट जारी किया गया। इसमें राजनांदगांव, केसीजी सहित एमएमसी जिला भी शामिल है। इन तीनों ही जिलों में अगले दो दिन यानि 9 जनवरी तक शीत लहर की संभावना जताई गई है। विभाग के अनुसार आज तापमान में हल्की गिरावट के बाद पारा चढ़ने लगेगा। जिससे ठंड का कहर कुछ हद तक कम होने के आसार है।

## तीन जिलों में 236843 किसान पंजीकृत, अब भी 98439 से खरीदी बाकी

# नहीं बढ़ी लिमिट, शेष 16 दिनों में 40% किसानों से खरीदी की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अविभाजित जिले में पिछले 15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी में पिछले लगभग पौने दो महीनों में 1.38 लाख किसानों से खरीदी कर ली गई है। हालांकि अभी भी तीन जिलों में 96 हजार किसान यानि कुल पंजीकृत किसानों में से 40 फीसदी अन्नदाताओं से खरीदी बाकी है। जबकि खरीदी के महज 16 दिन ही बचे रह गए हैं। ऐसे में सभी किसान से खरीदी होना चुनौतीपूर्ण नजर आ रहा है। जबकि कई समितियों में धान के जाम होने से खरीदी भी तेज नहीं हो पा रही है।

खरीदी की सुस्त रफ्तार के पीछे इस बार खरीदी लिमिट को नहीं बढ़ाए जाने का कारण सामने आ रहा है, जहां किसान भी टोकन के लिए इस सत्र परेशान नजर आए। वहीं समिति प्रबंधकों के हाथ भी खरीदी लिमिट में इजाफा नहीं होने से बंधे हुए नजर आए। मिली जानकारी के अनुसार हर साल धान खरीदी में समय गुजरने के साथ ही लिमिट में इजाफा किया जाता रहा है, लेकिन इस बार इजाफा नहीं किया गया। जिसके चलते ही रोजाना सीमित धान ही खरीदा जा रहा है। अब देखना यह होगा कि बचे हुए 16 दिनों में सभी किसानों से खरीदी कैसे हो पाती है। इधर मिली जानकारी के अनुसार आने वाले शेष सभी 16 दिनों के लिए टोकन ऑनलाइन एप के जरिये काटा जा रहा है। बताया गया कि लगभग टोकन कट भी गया है।

### खास बातें

- 31 जनवरी खरीदी की अंतिम तिथि
- समिति प्रबंधकों ने खरीदी लिमिट बढ़ाने के लिए उठाई थी मांग
- खरीदी और उठाव दोनों ही सुस्त



**लगभग 94 हजार किसान बाकी** : राजनांदगांव जिले में इस साल धान बेचने के लिए कुल 131775 किसानों ने पंजीयन कराया था। जिसमें से अब तक 79336 किसान से 41.40 लाख क्विंटल धान लिया गया है। अब भी 52439 किसान बचे हुए हैं। केसीजी जिले में 71228 पंजीकृत किसान में से 43680 ने 25.87 लाख क्विंटल, यहां 27548 किसान शेष और एमएमसी जिले के 43840 पंजीकृत किसानों में से 25388 ने 13.12 लाख क्विंटल धान अब तक बेच लिया है, यहां 18452 किसान बाकी है।

### परिवहन धीमा, केंद्र में जाम

एक तरफ जहां धान खरीदी की प्रक्रिया सुस्त गति से आगे बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर धीमा उठाव भी समितियों के लिए चिंता का विषय बन गया है। अब तक अविभाजित राजनांदगांव जिले में 20 लाख क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है। जबकि अब भी केंद्रों में लगभग 60 लाख क्विंटल धान जाम है। राजनांदगांव जिले में 10.57 लाख क्विंटल, केसीजी में 6.21 लाख क्विंटल और एमएमसी जिले में 1.62 लाख क्विंटल का ही उठाव हो पाया है।

### छह संग्रहण केंद्र, सभी खाली

मिली जानकारी के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव जिले में कुल छह संग्रहण केंद्र है। इन संग्रहण केंद्रों में पिछले साल धान जमा कराया गया था, लेकिन इस बार इसकी शुरूआत भी नहीं हो पाई है। बताया गया कि सभी संग्रहण केंद्रों में जगह है, हालांकि बुधवार को अब संग्रहण केंद्रों में धान जमा करने का आदेश जारी कर दिया गया है। जिसके चलते अब टीओ जारी कर संग्रहण केंद्रों में धान जमा किया जाएगा।

### धान पकड़ाने का भी असर

इधर धान खरीदी के दौरान लगभग पंद्रह करोड़ से अधिक का धान अब तक पकड़ा जा चुका है। इनमें महाराष्ट्र से आने वाले धान के साथ ही जिले में ही गर्मी का धान खपाने की जुगत में जुटे कोचिये का प्रकरण शामिल है। ऐसे में यह भी माना जा रहा है कि हर साल जो बड़ी मात्रा में धान समितियों में खपाया जाता था, इस बार यह खेल नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते भी धान खरीदी की रफ्तार धीमी नजर आ रही है।

# नवीन प्रीमियम शराब दुकान का विरोध, कांग्रेस ने जलाया पुतला

## शराब दुकान के ऊपर भगवान की फोटो से भड़का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के मोहारा बायपास चौक के समीप खुले प्रीमियम शराब दुकान को बंद करने की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा आज शराब दुकान के सामने फ्लाई ओवर के नीचे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

प्रीमियम शराब दुकान को बंद करने की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा शराब दुकान के सामने पंडाल लगाकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन को कांग्रेस के विभिन्न वक्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के माध्यम से यहां पर खोली गई प्रीमियम शराब दुकान को बंद करने की मांग की गई। इससे पहले भी कांग्रेस द्वारा यहां पर प्रदर्शन करते इस दुकान को बंद करने मांग की गई थी। जिसके बाद दुकान बंद भी किया गया था, लेकिन इस दुकान यो फिर से खोल दिया गया है। जिसको लेकर अब कांग्रेस द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन के पश्चात यहां पर विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन करते प्रीमियम शराब दुकान को बंद करने की मांग की गई। इस प्रदर्शन के दौरान शारदा तिवारी, कमलजीत सिंह पिंटू, हेमा देशमुख, डॉ. आफताब आलम, संतोष पिल्ले, इकरामुद्दीन सोलंकी, पदम कोठारी, अशोक पंजवानी, माया शर्मा, नीरज कन्नौजे, प्रवीण मेश्राम, आसिफ अली, गुरबेज माखीजा, विनय झा, ऋषि शास्त्री, देवेश वैष्णव, शैलेष ठावरे, चेतन भानुशाली, अरूण देवांगन, बंटी यादव, अवधेश प्रजापति, संदीप सोनी, अब्दुल कादिर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।



### बड़ी संख्या में पुलिस रही तैनात

कांग्रेस के प्रदर्शन की सूचना मिलने पर पहले ही बड़ी संख्या में पुलिस बल और आबकारी की टीम को तैनात कर दिया गया था। धरना प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस के लोगों ने प्रीमियम शराब दुकान का शटर बंद करने पहुंचे। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से दुकान बंद किया गया। इसके बाद कांग्रेसी वापस लौटे।

### चरणबद्ध होगा आंदोलन

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने इस प्रदर्शन को लेकर कहा कि जब से यह दुकान खुली है स्थानीय लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करके दुकान को बंद करने मांग कर रहे हैं। इसके बावजूद इस दुकान को खोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि धरना प्रदर्शन से इस दुकान को बंद करने की मांग की गई है। अगर दुकान नहीं बंद की जाती है तो इसके लिए कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

### दुकान में भगवान की फोटो का विरोध

प्रदर्शन के दौरान प्रीमियम शराब दुकान के ऊपर भगवान महाकाल की फोटो लगाई गई थी। जिसको लेकर विरोध जताते कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे भगवान का अपमान बताते धार्मिक भावना को ठेस पहुंचने का आरोप लगाया और तत्काल इस फोटो को हटाने की मांग की। कांग्रेस के विरोध के बाद तस्वीर हटाई गई।

# गुम महिला को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव




पति से नाराज होकर घर से कहीं चली गई महिला को खोजकर पुलिस ने उसके परिजनों से मिलाया। जिससे परिवार के लोगों में खुशी का वातावरण निर्मित हो गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना में दर्ज गुम इंसान क्र 20/2025 गुमशुदा महिला 23 वर्ष ग्राम कोरचाटोला जो मानवीय जीवन की समस्याओं से जूझते हुए घरेलू की छोटी-छोटी बातों पर अपने पति से नाराज होकर घर में किसी को बिना बताए अपने दो वर्ष के बेटे को छोड़कर घर से कहीं चली गई थी।

जिसकी आवेदक पति की सूचना पर थाना गैंदाटोला पुलिस द्वारा गुम इंसान दर्ज कर सक्रियता का परिचय देते पता तलाश कर गुम इंसान से कथन दर्ज कर दस्तदयाब कर आवेदक पति को सुपुर्दनामा सौंपा गया। जिससे 2 वर्ष के बेटे द्वारा अपने मां को पाकर उसके चेहरे पर मुस्कान आया। आवेदक थाना गैंदाटोला पुलिस की कार्रवाई से खुश होकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

# नाबालिगों को व्हाइटनर और डायल्यूटर बेचने वाला पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



नशे के खिलाफ चलाए जा रहे पुलिस अभियान के तहत स्टेशनरी दुकान द्वारा नाबालिग बच्चों को नशे के उद्देश्य से डायल्यूटर्स एवं व्हाइटनर बेचे जाने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस को मुखबीर से मिली कि थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक स्टेशनरी दुकान द्वारा नाबालिग बच्चों को नशे के उद्देश्य से डायल्यूटर्स एवं व्हाइटनर बेचा जा रहा है। इस मामले में थाना कोतवाली पुलिस एवं साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। टीम द्वारा मौके पर दबिश देकर दुकानदार को नाबालिगों को व्हाइटनर एवं डायल्यूटर बेचते रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार नाबालिगों को किसी भी प्रकार के नशीले अथवा दुरूपयोग योग्य पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार के कृत्यों पर पुलिस की सतत निगरानी रहेगी।

### संचालक पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार जांच में यह तथ्य सामने आया कि व्हाइटनर एवं डायल्यूटर जैसे पदार्थों का उपयोग इनहेलेंट एब्यूज के रूप में किया जा रहा है, जो बच्चों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है। ऐसे पदार्थों के सेवन से बच्चों में गंभीर एवं दीर्घकालिक दुष्प्रभाव उत्पन्न होते है। साथ ही यह किशोर अपराध की ओर भी प्रेरित कर सकता है। उक्त मामले में प्रेमलाल देवांगन निवासी तुलसीपुर संचालक देवांगन जनरल स्टोर के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के बेरोजगार और असंतुष्ट युवा साथियों के लिए सुनहरा अवसर : मनपसंद काम और इनकम का पैकेज उपलब्ध है।
शीघ्र संपर्क करे सीमित दिनों के लिए
इंजीनियर पी एल सुलाखे
9425554092, 9644677750
हरि ओम नगर, चिखली क्षेत्र राजनांदगांव छत्तीसगढ़

किराये से देना है, राजनांदगांव में
गंज लाईन मेन रोड में सेन्ट्रल बैंक, बिल्डिंग के बेसमेन्ट, फर्स्ट फ्लोर, सेकण्ड फ्लोर में 30x150 = 4500 फुट के कमर्शियल तीन हॉल, लिफ्ट की सुविधा के साथ
संपर्क करें:- मो.: 7470870092

## छुईखदान नगर में आयोजन, 1953 गोलीकांड का 73वां बरस

# शहीदों के सम्मान में 5 हजार दीपों का होगा प्रज्वलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

स्वतंत्र भारत में प्रशासनिक अधिकारों की रक्षा के लिए चलाए गए ऐतिहासिक जनआंदोलन के दौरान 9 जनवरी 1953 को हुए भीषण गोलीकांड की 73वीं बरसी पर क्षेत्र के शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने की व्यापक तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर शहीदों की समाधि स्थल पर पांच हजार दीप प्रज्वलित कर तथा देशभक्ति से ओतप्रोत सांगीतिक संध्या के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। खास बात यह है कि इसके लिए अंचल के गांवों से जनसमर्थन जुटाया जा रहा है।

ज्ञात हो कि प्रशासनिक सुविधाओं की समाप्ति के विरोध में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रही महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों और मजदूरों पर की गई लाठीचार्ज व गोलीबारी में पांच से छह हुतात्मा शहीद हुए थे। वहीं अनेक लोग स्थायी व अस्थायी रूप से घायल हुए। इस अमानवीय दमन की स्मृति में यह आयोजन किया जा रहा है। 9 जनवरी को होने वाले शहीद दिवस कार्यक्रम के लिए क्षेत्र और नगर के युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंच से जुड़े सदस्यों ने बताया कि आयोजन को लेकर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

### दलगत राजनीति से ऊपर मंच



मंच ने स्पष्ट किया कि यह अभियान पूरी तरह दलगत राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्रीय एकता व संतुलित विकास के लिए है। वक्ताओं ने कहा कि एक ही जिला व एक ही विधानसभा होने के बावजूद विकास व प्रशासनिक सुविधाएं एक शहर तक सिमटकर रह गई है। जबकि संसाधन, श्रम, उपभोक्ता और योगदान इस क्षेत्र से सर्वाधिक हैं। नई पीढ़ी के युवा अब अन्याय स्वीकारने को तैयार नहीं है। मंच का कहना है कि क्षेत्र में खनिज, वन, जल संपदा और प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। आने वाले समय में औद्योगिक विकास व जनसंख्या वृद्धि को देखते पृथक विधानसभा क्षेत्र व सशक्त नेतृत्व अत्यंत आवश्यक है। यह लक्ष्य संघर्ष के बिना संभव नहीं और पांच हजार दीपदान के साथ इसी संघर्ष का श्रीगणेश किया जा रहा है।

### आंदोलन के उद्देश्य स्पष्ट

आयोजन के उद्देश्य पर मंच ने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम केवल श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से क्षेत्र के अधिकारों की पुनर्स्थापना का संघर्ष प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें मुख्य मांगों में गोलीकांड दिवस से पूर्व उपलब्ध प्रशासनिक सुविधाओं की पुनर्स्थापना जिले के दोनों विकासखंडों में समान नियम व समान मुआवजा व्यवस्था फसल बीमा वितरण में समानता सड़क, बिजली, सिंचाई, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की समान स्थापना जिले के दूसरे विकासखंड को पृथक विधानसभा क्षेत्र का दर्जा शामिल है।

### गांव-गांव जनसंपर्क अभियान

बताया गया कि नगर के लगभग 200 युवाओं की टीम ग्रामीण अंचलों में जाकर 1953 की घटनाओं, शहीदों के बलिदान और अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देकर लोगों की प्रत्यक्ष सहभागिता सुनिश्चित कर रही है। जिसमें जनभागीदारी की अपील मंच के सदस्यों ने नगर व पूरे क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि छुईखदान क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन व अभियान को सफल बनाएं।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।
समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।
नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### फक्कीटोला में मड़ई आज

**डोंगरगढ़।** ग्राम फक्कीटोला अण्डी में कल 8 जनवरी को मंडई का आयोजन रखा गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी गंगा मैया नाच पार्टी ढूंढेरा का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्राम के नीलकंठ निषाद, संतोष साहू, प्रेमलाल साहू ने दी।

### वनांचल में कड़ाके की ठंड



**सड़क अतरिया।** वनांचल में इन दिनों शीत लहर का प्रभाव देखने मिल रहा है। लोग सुबह से शाम तक ठंड का अनुभव कर रहे हैं। सुबह होते ही लोग तेज ठिठुरन में अलाव का सहारा लेते नजर आते हैं। गांव की गलियों, मोहल्लों और चौक में लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे है। वनांचल में तापमान कम होने से सुबह ओश की बुंद बर्फ की चादर की तरह बिछ रही है। क्षेत्र के लोग खुन जमा देनी वाली ठंड का एहसास कर रहें हैं। दिन भर शीतल हवा चलने से लोग गर्म कपडे का उपयोग कर रहे हैं। कड़ाके की ठंड में सर्दी, जुकाम के मरीज बढ़ रहे है। वही कुछ लोग घुमने जा रहे हैं।

### मनाय गया श्रमिक दिवस



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत सड़क अतरिया में बुधवार को श्रमिक दिवस मनाया गया। इस मौके पर श्रमिकों को जी राम जी की जानकारी दिया गया। श्रमिकों को बताया गया कि रोजगार गारंटी योजना पहले से अधिक प्रभावशाली हो गई है। अब समय पर रोजगार और भुगतान प्राप्त होगा।

### सप्तशक्ति कार्यक्रम का आयोजन



**एलबी नगर।** सरस्वती शिशु मंदिर रामाटोला में सप्तशक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता खिलेश्वरी साहू, विशेष अतिथि रामभाई वर्मा थे। कार्यक्रम में हीरापुर, मोतीपुर, मानिकपुर, रामाटोला की महिलाएं शामिल हुई। संचालन हेमा वर्मा, संजना साहू एवं उमा कंवर ने किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। मुख्य वक्ता ने माता कौशल्या, सीता, अरुंधति एवं वीर शिवाजी का जिक्र करते हुए घर को आदर्श बनाने के बारे में विस्तार से बताया। अंत में माता से उनके अनुभव पूछा गया।

### पटेवा में हिन्दू सम्मेलन 12 को

**पटेवा।** ग्राम में आगामी 12 जनवरी को 11 बजे से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन की तैयारी में सर्व हिन्दू समाज जुटा है। सम्मेलन के मुख्य वक्ता अभय बाजपेई, मुख्य अतिथि सीएमएचओ डां नेतराम नवरतन, वक्ता विजय साहेब, चैनदास जंघेल, डां इन्दुमती मिश्रा होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संयोजक विनोद बारले, सचिव रमेश वर्मा, ढालसिंग साहू, प्रमोद दुबे, नरेंद्र वर्मा, अजय ठाकुर, जितेन्द्र गायकवाड़, राकेश साहू, रामदास कोसरे, ललित साहू, जनक साहू, अक्षय पटेल, केदारनाथ साहू जुटे हैं। कार्यक्रम अंतर्गत 11 जनवरी को मोटर बाइक रैली का आयोजन किया गया है जो भैसातरा मंडल,घुमका मंडल, पटेवा मंडल के गांवों का भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी।

### हार्ट रोग विशेषज्ञ का जोशीला स्वागत



**डोंगरगढ़।** होप हार्ट हॉस्पिटल गोंदिया के प्रसिद्ध हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रमेश गायध के नगर पहुंचने पर हेल्थ केयर पॉली क्लिनिक के स्टाफ एवं आयोजन समिति के सदस्य डॉ अश्वनी देवांगन, नलिनी मेश्राम, एसजी मेश्राम, डॉ नरेंद्र मेश्राम आदि ने जोशीला स्वागत किया। डां गायध ने शिविर में मोटापा, बीपी, शुगर, हार्ट के मरीजों की जांच कर उचित मार्गदर्शन दिया। शिविर में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### वी क्लब ने वृद्धों के साथ मनाया नववर्ष




**डोंगरगढ़।** बछेराभाटा स्थित जीवन आनंद वृद्ध आश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के साथ एसोसिएशन ऑफ ली क्लब आफ इंडिया ली डिस्ट्रिक्ट 323-3 अपराजिता की वी क्लब की टीम जिसमें वी माधुरी पांडा एरिया एडवाइजर, उषा किरण शाह एरिया ऑफिसर, भावना सिंह अध्यक्ष, ममता साहू सचिव, कीर्ति मिश्रा कोषाध्यक्ष, भारती मिश्रा चेयरपर्सन वृद्धजन सेवा कैरोलाइन लक्ष्मी देवांगन, लावण्या स्वामी शामिल थी ने नववर्ष मनाया। वृद्धा आश्रम में निवासरत महिलाओं से पारिवारिक बैकग्राउंड, स्वच्छता, पोषण आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर टीम ने कंबल तथा लड्डू आदि का वितरण किया।

### लोधेश्वर धाम में सकट महोत्सव



**डोंगरगढ़।** लोधेश्वर धाम छीपा में संकट महोत्सव के अवसर पर शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी परिजनों के साथ शामिल हुए। उन्होंने व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन सकारात्मक ऊर्जा और आपसी सदभाव को मजबूत करते हैं।

---

### किसान संघ ने बैठक कर बनाई रणनीति, सांसद और विधायकों को सौंपा जाएगा ज्ञापन

# अवैध वसूली व अन्य मांगों को लेकर होगा किसान आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी केन्द्रों में मजदूरी के नाम से अवैध वसूली एवं अन्य मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। सोमवार को छुरिया में प्रदेश किसान संघ ने बैठक कर इस हेतु रणनीति बनाई।

बैठक में किसानों की मांगों पर शासन-प्रशासन के उदासीन रवैये पर रोष प्रकट किया गया, जहां खरीदी केन्द्रों में मजदूरी के नाम पर अवैध वसूली लगातार जारी होने की बात किसानों ने बताई। वहीं पंजीयन एवं टोकन को लेकर हजारों किसान आज भी खाद्य विभाग, राजस्व विभाग एवं सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं। इस बाबत बस स्टैंड एवं तहसील कार्यालय छुरिया में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया व इसे तत्काल रोकने किसान संघ ने चेतावनी दी है। साय सरकार किसानों के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाली न फोटोग्राफी रोक रही है न समर्थन मूल्य बढ़ोत्तरी का लाभ किसानों तक पहुंचा रही है। बैठक में सुदेश टीकम, मोतीलाल सिन्हा, साधूराम धुर्वे, विनायक मंडावी, मदन साहू, दिलीप कुमार, चंदू साहू, रूपेश सोनवानी, ललिता कंवर, नरेन्द्र मंडावी, नंदकुमार गोंडिया, प्रदीप वर्मा, डाकेश्वर पाल, मगन देवांगन, गैंद साहू, जगन्नाथ निषाद, शंकर यादव, रामस्वरूप पुजारी, जगन्नाथ मंडावी, तीजूराम कोर्राम सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।




#### अभियान का होगा आगाज

किसान प्रतिनिधियों ने सांसद व विधायकों से मजदूरी के नाम से चल रही अवैध वसूली रुकवाने की अपील की है। साथ ही अब तक वसूली गई रकम किसानों को वापस दिलाने का आग्रह भी किया है। सोसायटियों को सरकार द्वारा प्रासंगिक व्यय प्राप्त होने के बावजूद प्रति कट्टा 6 से 8 रुपए की अवैध वसूली किसानों से की जा रही है। जन दबाव बनाने हस्ताक्षर अधियान चलाकर सांसद व विधायकों को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। गांव-गांव, हाट बाजार, खरीदी केन्द्रों में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

#### 20 को चिचोला में किसान सभा और चक्काजाम

20 जनवरी को उपरोक्त मुद्दों के समर्थन में चिचोला (छुरिया मोड़) में किसान सभा का आयोजन किया जाएगा। बचे हुए सभी किसानों का धान बिकवाने रणनीति तैयार की जाएगी। आयोजन दिनांक तक मांगों पर न्यायपूर्वक कार्रवाई नहीं होने पर जीई रोड में चक्काजाम किसान सभा के पश्चात की जाएगी। प्रदेशभर से प्रतिनिधि इसमें शामिल होंगे। आंदोलन को आगे बढ़ाने प्रति परिवार 01 किलो चावल एवं इच्छानुसार आर्थिक योगदान करने की अपील प्रदेश किसान संघ ने की है।

### धान खरीदी पर कांग्रेस आज करेगी आंदोलन

डोंगरगांव। धान खरीदी के मुद्दे पर कांग्रेस कल आठ जनवरी को किसान आंदोलन करेगी। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में किसानों के शामिल होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि विधायक दलेश्वर साहू ने प्रशासन की गलतियों से किसानों को धान बेचने में आ रही दिक्कतों को उठाते हुए त्रुटि सुधारने का अल्टीमेटम दिया था। अब तक सुधार नहीं होने के बाद विधायक ने पीड़ित किसानों एवं कॉग्रेस जनो के साथ कल आठ जनवरी को आंदोलन करने की घोषणा किया है। जानकारी के अनुसार विभिन्न ग्रामों के 12 सौ से अधिक किसानों ने धान खरीदी में आ रही दिक्कत को लेकर शिकायत की है। किसान नेता गुलाब वर्मा, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष टीकेश साहू, भावेशसिंह, एलबी नगर कांग्रेस अध्यक्ष हीरा सोनी, सुरेश सिन्हा, सुयश नाहटा, डॉ. नरेन्द्र साहू ने प्रभावित किसानों से आंदोलन में शामिल होने का आव्हान किया है।

---

# मोबाइल एप से उपस्थिति दर्ज करने पर आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने मोबाइल एप के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था को आपत्ति व्यक्त किया है। उनका कहना है कि इससे शिक्षकों की निजता का हनन एवं वित्तीय सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है।

एसोसिएशन का कहना है कि शासन बायोमेट्रिक उपस्थिति लागू करना चाहता है तो प्रत्येक विद्यालय



में बायोमेट्रिक पंच मशीन और स्थायी इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराए। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा एवं जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने कहा कि विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से मोबाइल एप द्वारा उपस्थिति दर्ज कराने का निर्णय व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने कहा कि शासन की अपनी निरीक्षण प्रणाली होने के बावजूद शिक्षकों पर मोबाइल आधारित उपस्थिति का दबाव यह दर्शाता है कि उसे अपनी प्रणाली पर भरोसा नहीं है। शैलेंद्र यदु, राकेश तिवारी, शरद शुक्ला, जीवन वर्मा, हंसकुमार मेश्राम, मनोज वर्मा, देवेन्द्र वर्मा, बृजेश वर्मा, चन्द्रिका यादव, ईश्वर मंडावी, महेश ठाकुर, महेश ऊईके, राजेश साहू आदि ने कहा कि मोबाइल शिक्षकों की व्यक्तिगत संपत्ति है, जिसके माध्यम से शासकीय नियंत्रण थोपना उचित नहीं है।

#### टैबलेट से ली जाए उपस्थिति

एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने बताया कि पूर्व में शासन ने प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति हेतु टैबलेट उपलब्ध कराए थे, जो सुरक्षित हैं। शासन को टैबलेट के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित करना चाहिए।

### आदिवासी समाज की बैठक आज

डोंगरगढ़। सर्व आदिवासी समाज की बैठक कल आठ जनवरी को 11 बजे से ग्राम पाटेकोहरा में रखा गया है। बैठक का विशेष मुद्दा सोशल मीडिया पर सड़क चिरचारी के एक व्यक्ति द्वारा किए जा रहे दुष्प्रर पर विचार किया जाएगा। बैठक में समाज प्रमुखों से विचार विमर्श के बाद सर्व आदिवासी समाज के लोग एकत्रित होकर एसडीएम को महामहिम राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। महासभा के अध्यक्ष मदन नेताम, संचालक रमेश उईके, लादूराम तुमरेकी, राजेश्वर ध्रुव, मदन, मयाराम मंडलोई ने सर्व आदिवासी समाज के लोगों से शामिल होने की अपील की है।

# बघेल के परिजनों ने की मां बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना



**डोंगरगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का परिवार रविवार को मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचा। इस अवसर पर श्रीमती बघेल ने नीचे एवं ऊपर मंदिर में पूजा-अर्चना की। उनके पहुंचने पर कांग्रेसजनों ने विश्राम गृह में आत्मीय स्वागत किया। इसी क्रम में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी मंदिर दर्शन से लेकर पूरे प्रवास के दौरान उपस्थित थे। श्री लोधी ने पूर्व मुख्यमंत्री के परिजनों का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान विधायक हर्षिता बघेल, कांग्रेस नेता ष नवाज खान, खैरागढ़ जिला अध्यक्ष कोमल साहू, विवेक वासनिक, शहर अध्यक्ष विजय राज सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, विनायक राव, कृष्ण लिल्हारे, नलिनी मेश्राम सहित अन्य मौजूद थे।

---

# नगर पालिका ने किया मितानिनों का सम्मान



**डोंगरगढ़।** नगर पालिका परिषद ने महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभा रही मितानिनों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सीएमओ खिरौद् भोई शामिल हुए। इस अवसर पर नगर क्षेत्र में निरंतर सेवा दे रही मितानिनों को साड़ी एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने मितानिनों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वह मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, स्वच्छता और जन-जागरूकता जैसे कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। पालिका अध्यक्ष डोंगरे ने कहा कि मितानिन समाज की मजबूत कड़ी हैं, जिनकी मेहनत से शासन की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती हैं। सीएमओ श्री भोई ने मितानिनों को भविष्य में भी इसी समर्पण से कार्य करने प्रोत्साहित किया।

# अंबागढ़ चौकी उपकेन्द्र की पॉवर क्षमता में वृद्धि

## नगर के 13560 उपभोक्ता होंगे लाभान्वित, ग्रामीणों को भी मिलेगा लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत नगर में विद्यमान 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 1.48 करोड़ की लागत से 5 एमव्हीए के लिए नए स्ट्रक्चर निर्माण के साथ 3.15 एमव्हीए का अतिरिक्त नया पॉवर ट्रांसफॉर्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल माणिकपुरी, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, गुलाब गोस्वामी, राजेश सिंगी, विनोद डहरिया, ढालसिंह कौशिक, देव कुंभकार, दिलीप कुंभकार, कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट, कार्यपालक निदेशक प्रोजेक्ट रायपुर एम जामुलकर, अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, ईई एके रामटेके, ईई परियोजना मुकेश साहू, ईई एसटीएम एडी टंडन, सहायक अभियंता बीके कुर्रे, श्वेता वर्मा, दिलीप साहू समेत अन्य उपस्थित थे। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस कार्य को क्षेत्र के समग्र विकास एवं उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

#### डेढ़ करोड़ हुए खर्च

कार्यपालक निदेशक श्री सेलट ने बताया कि यह कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत लगभग 1.48 करोड़ की लागत से पूर्ण किया गया है। नगर में विद्युत विकास के इन कार्यो की पूर्णता से इस उपकेन्द्र की पॉवर क्षमता 8.15 एमव्हीए से बढ़कर 11.30 एव्हीए हो गया है। उन्होंने बताया कि सब स्टेशन में पहले से मौजूदा एक 5.0 एव्हीए और 3.15 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाते थे। खासकर धान की फसल के मौसम में लोड शेडिंग एवं लो वोल्टेज की समस्या होती थी। अब लो वोल्टेज एवं लोड शेडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।

---

### सामाजिक एकरूपता लाने पर जोर

# बैठक में सामाजिक एकजुटता और सनातन धर्म के संरक्षण पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

स्थानीय वार्ड 5 स्थित सामुदायिक भवन में सोमवार को उत्कृष्ट सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन ब्राह्मण समाज में सैद्धांतिक एवं उद्देश्यात्मक रूप से एकरूपता लाने और सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने किया गया था। बैठक की शुरुआत भगवान श्री परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पूजन के साथ हुई। ब्राह्मण समाज की मातृशक्ति ने रायपुर से आए प्रदेश प्रतिनिधियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष डॉ. भावेश शुक्ला पराशर और प्रदेश संयोजक पं.



रामानुज तिवारी ने कहा कि वर्तमान में ब्राह्मण समाज को वैचारिक रूप से एक होने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समाज के हर वर्ग को धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आना होगा। सामाजिक कार्यों में आपसी सहमति और पूर्ण सहयोग का आह्वान किया गया। ब्राह्मण समाज की कार्यप्रणाली में सैद्धांतिक सामंजस्य लाने पर जोर दिया गया।

#### सामाजिक जागरूकता के कार्य

मातृशक्ति परिषद् की जिलाध्यक्ष डाली तिवारी एवं जिला प्रभारी उमा चौबे ने बताया कि संगठन जमीनी स्तर पर सामाजिक चेतना जगाने का कार्य कर रहा है। बैठक में गंडई ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. गोपाल प्रसाद तिवारी, प्रांत प्रमुख मातृशक्ति प्रमिला तिवारी, दुर्ग संभाग मीडिया प्रभारी नूपुर तिवारी, पं. गौकरण शर्मा, पं. कमलेश दुबे सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे। संचालन पं. रमेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर कालिंदी उपाध्याय, सीमा दुबे, भारती शर्मा, संध्या उपाध्याय, प्रीति तिवारी, पं. श्रीकांत तिवारी, अंजू पांडेय, राखी तिवारी, आरती तिवारी, मृदुला त्रिपाठी सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कारुण्य योजना से गरीब मरीजों को बड़ी राहत



**डोंगरगढ़।** स्थानीय शासकीय होम्योपैथी औषधालय में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। औषधालय के अध्यक्ष डी एकेश राव तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में होम्योपैथी औषधालय के आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कलचुरी द्वारा भवन की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि मरीजों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण में उपचार मिल सके।

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे सियान जतन, वयो मित्र, नोनी बाबू, ओस्टियो आर्थराइटिस तथा कारुण्य योजना का क्रियान्वयन करते हुए विभिन्न रोगों का होम्योपैथी पद्धति से उपचार किया जा रहा है, जिसका लाभ बड़ी संख्या में मरीज उठा रहे हैं। डॉ. कलचुरी ने बताया कि शहर के वार्ड 20 को कारुण्य योजना अंतर्गत चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि कारुण्य योजना असहाय, कमजोर एवं गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को उपचार सुविधा मुहैया कराने संचालित की जा रही है।

#### घर बैठे उपचार

उक्त योजना के तहत वर्तमान में 10 मरीजों का लगातार उपचार होम्योपैथी औषधालय द्वारा किया जा रहा है। घर जाकर उपचार उपलब्ध कराने से मरीजों एवं उनके परिजनों को बड़ी राहत मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### हिन्दू सम्मेलन कल लोगों को दिया न्योता



**डोंगरगांव।** महाकाल शिव मंदिर परिसर साकेत धाम में आगामी 9 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन खुज्जी मंडल व डोंगरगांव मंडल ने रखा है। हिन्दू सम्मेलन के लिए मंडल भाजपा के महामंत्री सतीश पांडे ने टोली के साथ वार्ड एक का भ्रमण कर घर- घर आमंत्रण दिया। इस दौरान नागरिकों ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए इच्छानुसार सहयोग दिया। इस दौरान धनवाराम हल्बा, संतोष सोनी, धनीराम हल्बा सहित अन्य मौजूद थे। श्री पांडे ने बताया कि सम्मेलन के तहत 9 जनवरी को सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकलेगी। इसी कड़ी में 11 से 12 बजे तक मानस पाठ होगा। वक्ताओं का उद्बोधन दोपहर एक से तीन बजे तक होगा।

### वार्षिकोत्सव का रंगारंग आयोजन



**छुरिया।** पिनकापार के हायर सेकेण्डरी स्कूल में गतदिनों वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल ने की। विशेष अतिथि रेखा गंधर्व, अशोक मरकाम, दरबार यादव थे। अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि वार्षिक उत्सव केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि वर्ष भर के परिश्रम, उपलब्धियों और संस्कारों का उत्सव है। यह वह मंच है जहाँ प्रतिभाएँ निखरती हैं। श्री पटेल ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी समृद्ध परंपरा, कला और संस्कारों का जीवंत प्रदर्शन है। कार्यक्रम को अशोक मरकाम ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मंशा राम कंवर, प्रिंसपल बघेल, नाथूराम मंडावी,पाल मेडम, देवांगन मेडम, गीतालाल यादव, वेद यादव सहित पालक उपस्थित थे।

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय (छ.ग.)
-:: शपथ-पत्र ::-

मैं शपथकर्ता श्री संतोष कुमार वर्मा पिता श्री बीरजू राम वर्मा, निवासी-26, 18. शास्त्री नगर, ब्लॉक नं. 290, केम्प 01, नेहरू चौक, बजरंग मैदान, सुपेला, भिलाई, तह. व. जिला- दुर्ग (छ.ग.) का हूँ:-
जो कि मैं निम्नलिखित बयान शपथपूर्वक पेश करता हूँ:-
1. यह कि मैं उक्त पते पर निवास करता हूँ।
2. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम भवेश कुमार वर्मा दर्ज है।
3. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में पुत्र का नाम भवेश वर्मा दर्ज है।
4. यह कि गैंने अपने पुत्र का नाग परिवर्तन कर वर्तमान में भवेश कुमार वर्मा रख लिया है।
5. यह कि भविष्य में मेरे पुत्र को उसके वर्तमान नाम भवेश कुमार वर्मा के नाम से जाना एवं पहचाना जायें।
6. यह कि यह शपथ पत्र मेरे पुत्र को उसके वर्तमान नाम भवेश कुमार वर्मा के नाम से जानने एवं पहचाने जाने हेतु प्रस्तुत है।
अतः यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।
मुहर शपथकर्ता

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय (छ.ग.)
-:: शपथ-पत्र ::-

मैं शपथकर्ता श्री संतोष कुमार वर्मा पिता श्री बीरजू रान वर्मा, निवासी-26, 18, शास्त्री नगर, ब्लॉक नं. 290, केम्प 01, नेहरू चौक, बजरंग मैदान, सुपेला, भिलाई, तह. व. जिला- दुर्ग (छ.ग.) का हूँ:-
जो कि मैं निम्नलिखित बयान शपथपूर्वक पेश करता हूँ:-
1. यह कि मैं उक्त पते पर निवास करता हूँ।
2. यह कि नेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम महेश कुमार वर्मा दर्ज है।
3. यह कि गेरे पुत्र के आधार कार्ड में पुत्र का नाम महेश वर्मा दर्ज है।
4. यह कि मैंने अपने पुत्र का नाम परिवर्तन कर वर्तमान में महेश कुमार वर्मा रख लिया है।
5. यह कि भविष्य में मेरे पुत्र को उसके वर्तमान नाम महेश कुमार वर्मा के नाम से जाना एवं पहचाना जायें।
6. यह कि यह शपथ पत्र मेरे पुत्र को उसके वर्तमान नाम महेश कुमार वर्मा के नाम से जानने एवं पहचाने जाने हेतु प्रस्तुत है।
अतः यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।
मुहर शपथकर्ता

### खरीदी केन्द्र से धान उठाव नहीं होने से बढ़ी दिक्कत

# दो दिन से डोकराभाठा केंद्र में धान खरीदी बंद, सैकड़ों किसान लौटे वापस

## खरीदी बंद होने के बाद भी विभाग ने नहीं की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जगह की कमी के चलते एक ओर जहॉ डोकराभाठा खरीदी केंद्र में दो दिनों से खरीदी बंद है वही दूसरी ओर जिला प्रशासन धान उठाव को लेकर आंकड़ों वाली जानकारी प्रसारित कर रहा है।

जानकारी अनुसार डोकराभाठा समिति तहत खरीदी केंद्र मे 6 और 7 जनवरी को बूद भी धान भी नही खरीदा गया जिसके चलते इन दोनों ही दिन उन किसानों को धान बिना तौलाए वापस घर लौटना पड़ा जिन्होंने महीने भर पहले इस तारीख का टोकन कटवाया था। पता चला है कि डोकराभा केंद्र मे धान खरीदी का बफर लिमिट महज 62 क्विंटल के आसपास है। 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने के बाद अब तक 66 हजार क्विंटल से उपर की धान खरीदी हो चुकी है जो बफर लिमिट से चार पांच गुना ज्यादा है। इसकी जानकारी विभाग को होने के बाद भी अब तक महज एक गाड़ी मे 2310 क्विंटल धान का परिवहन हो पाया जिसके चलते खरीदे धान को सुरक्षित रखने जगह की कमी हो गई और धान खरीदी बंद कर दी गई। 6 जनवरी को खरीदी बंद होने की सूचना बाद भी विभाग ने कोई पहल नही की जिसके बाद 7 जनवरी को देर शाम एक गाड़ी लगने की सूचना मिली है।



### महीनेभर पहले ही बता दी थी समस्या

महीना भर पहले केंद्र ने प्रति दिन 40 से 45 किसानो से 6 से 7 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य लेकर टोकन जारी किया था लेकिन 6 जनवरी को जब किसान ट्रैक्टर मे धान भरकर केंद्र पहुँचे तो उन्हें उल्टे पांच जगह की कमी का हवाला देकर लौटा दिया गया हालाकि इसे लेकर केंद्र कर्मचारियो का कहना है कि बीते दिसंबर महीने से उनके द्वारा अधिकारियो को जगह की कमी का हवाला देकर परिवहन के लिए टीओ, डीओ जारी करने लगातार कहा गया, लेकिन किसी ने बात को गंभीरता से नही लिया। एक फड़ के बाद उन्होंने अपने रिस्क में दूसरा फड़ भी चालू कर दिया है, लेकिन परिवहन की लेट लतीफी के चलते सूखत की आर्थिक मार झेलने की उनकी स्थिति नही है।

### बंद करनी पड़ी खरीदी

खरीदी केंद्र मे जगह की कमी के चलते धान खरीदी बाधित होने की जानकारी पहले भी समिति की ओर से विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन परिवहन में लेट लतीफी के चलते जगह कम पड़ गया और मजबूरन धान खरीदी बंद करने की नौबत आ गई।
**- रामकुमार जोशी,** अध्यक्ष डोकराभाठा समिति

### आंकड़ों के फेर में जिला प्रशासन

जगह की कमी के चलते एक ओर जहॉ दो दिन से डोकराभाठा खरीदी केंद्र से अन्नदाताओं को वापस लौटाया जा रहा वही दूसरी ओर जिला प्रशासन आंकड़ों में उलझा है। प्रेस नोट जारी कर जिले में समर्थन मूल्य खरीदी का कार्य सुचारू रूप से चलने का दावा कर बता रही कि 39 सहकारी समितियों के अंतर्गत संचालित 51 केंद्रों में 43,375 किसानों से कुल 2,56,776.76 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। अब तक 57,294.180 लाख रुपये का ऑनलाइन भुगतान भी किसानों के खातों में हो चुका है। इसके अलावा समितियों में संग्रहित धान के उठाव को लेकर 89,474.760 मीट्रिक टन धान का डीओ और टीओ जारी हुआ है और 62,524.760 मीट्रिक टन धान का उठाव पूरा हो गया है जबकि स्थिति इसके ठीक उलट है। डोकराभाठा मे 66 हजार क्विंटल से उपर धान खरीदा गया है और महज 2310 क्विंटल का परिवहन हो पाया है।

## भारतीय स्टेट बैंक की बदहाल व्यवस्था से उपभोक्ता त्रस्त




- लोकल चेक क्लियर में 10-15 दिन की देरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

वर्षों पुरानी मांग के बाद नगर पंचायत छुईखदान में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा तो खुल गई, लेकिन वर्तमान में बैंक की कार्यप्रणाली उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। बैंक की अव्यवस्था से ग्राहक खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार पूरी शाखा महज पांच कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रही है, जिससे रोजमर्रा के बैंकिंग कार्यों में भारी विलंब हो रहा है। सबसे गंभीर समस्या लोकल बैंकों के चेक क्लियरेंस को लेकर सामने आ रही है। नगर में स्थित अन्य बैंकों की दूरी मात्र 500 मीटर होने के बावजूद चेक क्लियर होने में 10 से 15 दिन तक का समय लग रहा है।

ग्राहकों का आरोप है कि जब वे इस संबंध में बैंक कर्मचारियों से जानकारी लेने का प्रयास करते हैं, तो उन्हें टालमटोल भरे जवाब दिए जाते हैं। कई बार कर्मचारी सवालों से बचते नजर आते हैं और ग्राहकों से दूरी बना लेते हैं। इस बदहाल व्यवस्था से क्षेत्र के स्टेट बैंक ग्राहक खासे नाराज हैं। उपभोक्ताओं के मन में यह सवाल उठने लगा है कि जब बुनियादी बैंकिंग सेवाएं समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, तो आखिर वे स्टेट बैंक से लेन-देन क्यों करें?

स्थानीय नागरिकों ने बैंक प्रबंधन और उच्च अधिकारियों से कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने, चेक क्लियरेंस प्रक्रिया को तेज करने तथा ग्राहक सेवा में सुधार की मांग की है।

### व्यवसाय हुआ प्रभावित

एक स्थानीय ग्राहक जो कि छोटा व्यवसाई है ने बताया कि उसे पैसों की तत्काल जरूरत थी। उसने बैंक में चेक जमा किए नौ-दस दिन बीत जाने के बाद भी उसके खाते में राशि जमा नहीं हुई, जिससे उसका व्यवसाय प्रभावित हुआ और उसे भारी मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

### शिकायत की तैयारी

ऐसे ही कई अन्य उपभोक्ता हैं, जो स्टेट बैंक की कार्यशैली से परेशान हैं। अब उपभोक्ता बैंक कर्मचारियों की शिकायत उच्च कार्यालय में करने का मन बना रहे हैं। ग्राहकों का कहना है कि यदि स्टेट बैंक में किसी अन्य बैंक का चेक जमा किया जाए और पैसों की जरूरत हो, तो ग्राहक भगवान भरोसे ही रह जाता है, क्योंकि यह तय नहीं होता कि जमा की गई राशि खाते में कब पहुंचेगी।

## टंगिया से जानलेवा हमला आरोपी को किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** बस स्टैंड में बस से हटने कहने पर आरोपी युवक ने टंगिया से हमला कर प्रार्थी को घायल कर दिया था।



पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी मनीष तिवारी 51 वर्ष निवासी ब्राह्मणपारा के साथ आरोपी टुकेश नेताम उर्फ बाबू 19 वर्ष निवासी पेंड्री अटल आवास द्वारा बस से हटने की बात पर बेवजह गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी दी गई तथा नीचे रखे लोहे के टंगिया से 6-7 बार जानलेवा हमला किया गया। हमले में प्रार्थी के सिर एवं दाहिने हाथ की कलाई में चोंट आई। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर आहत को हास्पिटल पहुंचाया गया। इसके बाद थाना सिटी कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

### घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस के अनुसार प्रकरण की गंभीरता को देखते एवं आरोपी के आपराधिक प्रवृत्ति को दृष्टिगत रखते टीम बनाकर आरोपी के सभी ठिकानों पर दबिश दिया गया। आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर घटना में प्रयुक्त लोहे का टंगिया (बांस का बेट लगा हुआ) समक्ष गवाहों की उपस्थिति में जब्त कराया। आरोपी को 7 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय राजनांदगांव में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## सट्टा खिलाती महिला गिरफ्तार मोबाइल और सट्टा-पट्टी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जुआ और सट्टा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेड कार्रवाई करते हुए मेन चौक गंडई में दबिश देकर एक महिला को सट्टा खिलाते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक सुंदरूराम चंद्रवंशी को सूचना मिली कि मेन चौक निवासी शिखा शर्मा अपने घर की परछी में अंकों पर दांव लगवाकर सट्टा पट्टी लिख और मोबाइल के माध्यम से सट्टा लेने का कार्य कर रही है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। महिला आरक्षक की मौजूदगी में तलाशी लेने पर आरोपी महिला के पास से 1120 रुपए नगद, 5 नग सट्टा पट्टी, एक डॉट पेन और रियल मी मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस ने जब मोबाइल की जांच की तो उसमें व्हाट्सएप के माध्यम से सट्टा अंकों के लेन-देन के स्क्रीनशॉट और मैसेज पाए गए।

### बयान में स्वीकार किया जुर्म

आरोपी महिला ने मेमोरेंडम कथन में स्वीकार किया कि वह व्हाट्सएप के माध्यम से सट्टा नंबर लेती थी और गंडई के खाईवाल जहीर कुरैशी और बाबू खान को यह रिकॉर्ड भेजती थी। रुपयों का लेन-देन नगद और फोन के माध्यम से किया जाता था। पुलिस ने आरोपी शिखा शर्मा के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम 2022 की धारा 6 एवं 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक सुंदरूराम चंद्रवंशी, आरक्षक सीमा मरकाम शामिल थी।

### एलबी नगर में 27 से मानस महायज्ञ

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत लालबहादुर नगर में आगामी 27 जनवरी से 4 फरवरी तक श्रीराम मानस महायज्ञ का आयोजन रखा गया है। यह आयोजन हरिद्वार के संत चिन्मयानंद के सान्निध्य में संपन्न होगा। आयोजन को लेकर गत दिनों हाईस्कूल प्रांगण में विधि-विधान के साथ भूमिपूजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने बताया कि मानस महायज्ञ अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 7 से 12 बजे तक और दोपहर एक से 4 बजे तक संत चिन्मयानंद का प्रवचन होगा। उन्होंने बताया कि महायज्ञ के आयोजन पर लगभग 30 लाख व्यय संभावित है, जिसे श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं के सहयोग से पूरा किया जाएगा। भूमिपूजन के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष छबिल साहू, अशोक साहू, प्रमोद अग्रवाल, जीवन साहू, भूखंड ताम्रकार, शेखर तिवारी, कुंदन तिवारी, दीपक अग्रवाल, नोबेल साहू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## जी राम जी योजना ग्रामीण अर्थव्यस्था के लिए क्रांति : मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भाजपा जिला कार्यालय में जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने पत्रकारवार्ता में विकसित भारत, जी राम जी योजना को लेकर मीडिया से चर्चा की। प्रभारी मंत्री देवांगन ने मनरेगा को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर भी पलटवार किया है।

भाजपा नेतृत्व ने ग्रामीणों के लिए विकसित भारत रोजगार और आजीविका की गारंटी मिशन जी-राम-जी योजना अधिनियम-2025 को भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए क्रांतिकारी योजना बताया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ बिशेसर साहू, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, टीके चन्देल, खम्हन ताम्रकार, शशांक ताम्रकार, जिला महामंत्री नवनीत जैन, डॉ शैलेंद्र त्रिपाठी, जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी, भावेश कोचर, आनंद पटेल, ललित सोनी, गोरेलाल वर्मा, शत्रुघ्न साहू, विनय देवांगन, विनय चोपड़ा, अनिल अग्रवाल, प्रकाश सिंह भी मौजूद रहे।




### रोजगार की गारंटी को 125 दिन तक बढ़ाया

प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि सरकार ने रोजगार की गारंटी को 125 दिन तक बढ़ाकर ग्रामीणों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने बताया कि कृषि से जुड़े लोगों को योजना का सीधा लाभ मिलेगा। योजना में सरकार ने महिलाओं और भूमिहीन परिवारों का विशेष ध्यान रखा है। राज्य में सिंचाई का रकबा लगातार बढ़ रहा है। दुनिया के कई देश भारत की विकास योजनाओं की ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक नई मजदूरी दर तय नहीं होती, तब तक महात्मा गांधी मनरेगा की दरों के अनुसार भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण हाट, कौशल विकास और आय बढ़ाने वाले कार्यों में सरकार सहयोग करेगी, लेबर आधारित उद्योग लगाने वालों को जी-रामजी योजना के तहत लाभ दिया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने भरोसा दिया कि इस योजना का सीधा लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा।

### रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

# समाजशास्त्र के जनक डॉ. जीएस घुर्ये की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रश्मि देवी सिंह शांसकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर ओपी गुप्ता और वरिष्ठ अध्यापक डॉ जितेंद्र कुमार साखरे के मार्गदर्शन में समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. परमेश्वरी कुंभज टांडिया ने भारतीय समाजशास्त्र के जनक माने जाने वाले समाजशास्त्री डॉ. गोविंद सदाशिव घुर्ये की जयंती अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर विद्वानों, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने उनके सामाजिक योगदान को स्मरण किया।

डॉ टांडिया ने कहा कि डॉ. घुर्ये ने जाति व्यवस्था, जनजातीय समाज, संस्कृति और सामाजिक संरचना पर गहन अध्ययन कर भारतीय समाजशास्त्र को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता, शोध और अकादमिक विमर्श के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। धरमपाल वर्मा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे डॉ. घुर्ये के विचारों को अपनाकर समाज में समानता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक चेतना को बढ़ावा दें। इस अवसर पर डॉ उमेंद चंदेल, शबाना खान, विकास चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### कार्यालय का किया भ्रमण

रश्मिदेवी कालेज के बीए पहले और तीसरे सेमेस्टर मे अध्ययनरत राजनीति शास्त्र विभाग के छात्र छात्राओं ने जिला कलेक्टर ऑफिस में निर्वाचन शाखा कार्यालय मे उन्हे एसआईआर को लेकर जानकारी दी गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगो की सुविधा को लेकर जारी योजनाओ और राजस्व शाखा द्वारा विभागीय प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस दौरान स्टुडेंट्स ने तीनो विभागो का शैक्षणिक भ्रमण कर कार्यकलापों की गहराई से जानकारी ली। भ्रमण दौरान राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष सुरेश कुमार आडवानी, शिक्षक यशवंत सोनी मौजूद थे। भ्रमण कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता और निर्देशन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जितेन्द्र कुमार साखरे ने किया।



### समाजशास्त्री डॉ. मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

भारतीय समाजशास्त्र को नई दिशा देने वाले समाजशास्त्री डॉ डीपी मुखर्जी की पुण्यतिथि पर कॉलेज में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। समाजशास्त्र विभाग प्रमुख डॉक्टर पीके टांडिया ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने भारतीय समाज को समझने के लिए उसकी संस्कृति, परंपरा और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को आवश्यक माना। इस दौरान हिंदी विभाग के अतिथि व्याख्याता डॉ उमेंद चंदेल, अतिथि व्याख्याता शबाना खान, खेमपाल वर्मा सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मना राष्ट्रीय पक्षी दिवस

रानी रश्मि देवी सिंह महाविद्यालय में प्राणीशास्त्र विभाग ने राष्ट्रीय पक्षी दिवस उत्साह व शैक्षणिक भावना साथ मनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर के महत्व, संरक्षण और पक्षी जैव विविधता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। स्वागत भाषण बाद विभागाध्यक्ष ने बताया कि मोर को 1963 में भारत का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया था। मोर न केवल अपनी अद्भुत सुंदरता और रंगीन पंखों के लिए जाना जाता है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, लोककला, धार्मिक ग्रंथों और पारंपरिक मान्यताओं में भी विशेष स्थान रखता है। भगवान कृष्ण के मुकुट में मोरपंख इसका सांस्कृतिक महत्व दर्शाता है। विभाग के प्राध्यापकों ने पक्षियों की संरचना, व्यवहार, प्रजनन, पारिस्थितिक भूमिका और संरक्षण पर व्याख्यान देते हुए बताया कि पक्षी पारिस्थितिकी तंत्र में बीज प्रसार, कीट नियंत्रण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हानिकारक कीटों को खाकर किसानों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होते है। भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से पक्षियों के संरक्षण, आवास विनाश, जलवायु परिवर्तन और अवैध शिकार जैसी समस्याओं पर विचार प्रस्तुत किया गया। अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर संकल्प लिया कि वे पक्षियों के लिए जल पात्र लगाएँगे, वृक्षारोपण करेंगे और लोगों को पक्षी संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। इस दौरान डॉ उमेद चंदेल, डॉ परमेश्वरी टांडिया, शबाना खान, विकाश कुमार, निशा दुबे, खुशबू सिंहा, अजीत साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## रासेयो के माध्यम से व्यक्तित्व विकास संभव



**खैरागढ़।** ब्लाक के ग्राम अवेली में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़, डॉ पीबी बक्शी हायर सेकंडरी स्कूल और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदुराकुही के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर में बौद्धिक चर्चा कार्यक्रम दौरान कन्या शाला प्राचार्य मुख्य अतिथि डॉ कमलेश्वर सिंह ने रासेयो स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि रासेयो के माध्यम से व्यक्तित्व विकास संभव है। स्वामी विवेकानंद के कथन मैं नहीं तुमको के सिद्धांत वाक्य को साकार करने रासेयो स्वयं सेवक 24 घंटे समाजसेवा के लिए तत्पर रहते है। उन्होंने सभी स्वयं सेवकों से 18 साल की आयु पूरा करने वाले युवक युवतियों को प्रपत्र 6 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने प्रेरित करने कहा। प्राचार्य सुनील कुमार गुनी ने स्वयं सेवकों को कहा कि हम सब मिलकर ऐसा कार्य करे कि जिससे समाज में अपने अधिकार एवं कर्तव्य के प्रति जनजागृति आए। विकसित भारत बनाने के लिए लोगो में शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना जरूरी है यह कार्य रासेयो के माध्यम से किया जा सकता है। इस दौरान डाइट रासेयो प्रभारी केके वर्मा, विष्णु जोशी, महेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## सार समाचार

### रोवर रेंजर दल जंबूरी के लिए रवाना

**राजनांदगांव।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष गजेंद्र यादव शिक्षा मंत्री छग व राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा के मार्गदर्शन में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन 9 से 13 जनवरी तक ग्राम दूधली जिला बालोद में आयोजित है। राजेंद्र गोलछा उपाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, उमेश हथेल अध्यक्ष जिला संघ



राजनंदगांव, महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त, प्रवास कुमार बघेल जिला आयुक्त स्काउट व जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव एवं आलोक बिंदल कोषाध्यक्ष जिला संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में 6 जनवरी को राजनांदगांव से रोवर 84, रेंजर 80 एवं प्रभारी 25 कुल 189 की संख्या छत्तीसगढ़ की मेजबानी में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी ग्राम दूधली जिला बालोद के लिए रवाना हुई, जो 5 दिनों तक आयोजित जंबूरी में विभिन्न प्रकार की गतिविधि एडवेंचर एवं प्रतियोगिताओं में जिला वह राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर आजीवन सदस्य घनश्याम दास साहू, विजय टेम्बुरकर, जिला सचिव देवेंद्र अम्बाडे, स्काउटर/गाइडर/रोवर एवं रेंजर शामिल थे। उक्त जानकारी आयुक्त गाइड भारती रजक ने दी।

### हॉर्न प्लीज द फलि मार्केट का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** यश वाटिका में हॉर्न प्लीज द फलि मार्केट का रंगारंग शुभारंभ हुआ। जिसमें राजनांदगांव और आसपास के खरीदारों की भीड़ बनी हुई थी। ऑर्गेनाइजर वंदना राठी ने बताया यहां दो दिवसीय एग्जिबिशन 6 और 7 जनवरी पारिवारिक माहौल में रात 11 बजे तक चला। एग्जीबिशन में अलग-अलग प्रदेशों से आए लोगों ने एक से बढ़कर एक



फेमस आउटलेट का स्टाल एक ही जगह यश वाटिका में ग्राहकों के लिए लगाया गया। साथ ही फूड स्टॉल, बच्चों के लिए गेम्स, म्यूजिक, वर्कशॉप के साथ बहुत से मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। एग्जीबिशन का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से किया गया। जिसमें आनंद चोपड़ा, पिंकी माहेश्वरी, नीलम पोरवाल, पूर्वी ओस्तवाल, रश्मि पारख, शालू बग्गा, रूचि लालवानी, दिव्या नगदीया, लक्ष्मी नीले आदि की उपस्थित रही।

### कलेक्टर ने सुनी जनसामान्य की समस्याएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर जितेन्द्र



यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनमानस उम्मीद लेकर जनदर्शन में आते है। उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देते समाधान करें। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आर्थिक सहायता, पेंशन, गली को अतिक्रमण मुक्त करने, वन अधिकारी पट्टा, अवैध अतिक्रमण हटाने, मुआवजा दिलाने तथा सहित अन्य मुद्दों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

### डिलापहरी में मड़ई मेला आज

**राजनांदगांव।** ग्राम डिलापहरी में कल 8 जनवरी को पारंपरिक मंडई मेला धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रसिद्ध प्रेम सुमन नाच पार्टी बैदारी (छुरिया) अपनी प्रस्तुति देगी। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मंडई मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है। इस संबंध में भूपेन्द्र वर्मा, टिकेश कुमार साहू एवं घनश्याम पाटल ने बताया कि मंडई मेला को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह की तैयारियां शुरू

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश देते अधिकारियों को दायित्व सौंपा। उन्होंने मुख्य अतिथि आगमन, ध्वजारोहण के कार्यक्रम के साथ ही बैठक व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा, पेयजल, स्वल्पाहार, साफ-सफाई, पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन प्रतिबद्धतापूर्वक करेंगे। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम भी होगा।

### खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने की जांच पड़ताल

# कॉलेज की मेस में बनी सब्जी में मिला मेंढक, अफसरों ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के समीप डेंटल कॉलेज में बीते दिनों खाने में मेंढक निकलने का मामला सामने आया था। जिसके बाद इसकी शिकायत खाद्य सुरक्षा विभाग तक पहुंची है और आज खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने यहां पर छापामार कार्रवाई करते हुए मेस का निरीक्षण किया और खाने के सैंपल जब्त कर जांच के लिए लैब भेजा है।

डेंटल कॉलेज में संचालित मेस में आए दिन खाने में कीड़े मिलने की शिकायत सामने आती है, लेकिन मामले को स्थानीय स्तर पर ही दबा दिया जाता है। वहीं 2 दिन पहले यहां बनी मूंग की सब्जी में एक मेंढक निकलने का मामला सामने आया था। इसके बाद स्टुडेंट द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग को मामले की शिकायत कर दी गई। शिकायत के आधार पर आज खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने वहां पहुंचकर खाने का सैंपल लिया है।



#### एक्सपायरी डेट के मिले खाद्य सामग्री

डेंटल कॉलेज के मेस में जांच के लिए पहुंची टीम को यहां पर कई एक्सपायरी खाद्य पदार्थ के पैकेट भी मिले हैं। जिसमें सोजी, जीरा और फूड कलर सहित अन्य शामिल है। वहीं मेस में साफ-सफाई का अभाव भी नजर आया।

#### मेंढक कैसे आया जांच का विषय हैः डीन

खाने में मेंढक मिलने के मामले को लेकर डीन डॉ. एसके नंदा ने कहा कि मेंढक निकलना नहीं चाहिए, कैसे निकाला यह जांच का विषय है। यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयुर्वेदिक और डेंटल कॉलेज का मेस चलाया जाता है, जिसे मैनेजमेंट ही ऑपरेट करता है। पहले भी कॉकरोच और कीड़े मिलने के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि एक-दो बार इस तरह की शिकायत आई थी। जिसके बाद साफ-सफाई पर ध्यान दिया गया, फिर शिकायत नहीं आई है।

#### नोटिस जारी

मेंढक मिलने की शिकायत मिली थी। इस पर निरीक्षण किया गया है। मौके पर पनीर, चावल, अरहर की दाल सहित पकी हुई सब्जियों के नमूने लिए गए हैं। यहां कुछ खामियां मिली है, जिस पर नोटिस जारी किया गया है।

-तरूण बिरला, खाद्य सुरक्षा अधिकारी

## केबल चोरीः खरीददार, फरार आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** खेतों से केबल चोरी एवं चोरी के केबल को खरीदी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुटेरी एवं ग्राम ईरा में ग्रमीणों द्वारा 9 से 12 दिसंबर के मध्य ग्राम खुटेरी ईरा खार से 15 किसानों के खेत से 1 नग सबमर्सिल पंप, 2 नग सोलर झटका मशीन, पानी मोटर तथा करीबन 2 हजार फीट केबल चोरी माल मशरूका व अन्य आरोपी की पता तलाश ।ना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव द्वारा थाना पुलिस की टीम गठित किया गया।

#### सोमनी पुलिस की कार्रवाई

फरार आरोपी संजय कुमार सोनकर उर्फ संजू एवं राहुल बांसफोड उर्फ कोंदा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार कर चोरी के तांबा के तार को श्रीबर्तन वाले अभिषेक वर्मा एवं वैद्यनाथ बर्तन दुकान वाले हेमंत गुप्ता के पास बेचना बताए। पुलिस के अनुसार आरोपी बर्तन दुकान के संचालकों से चोरी के केबल तार के तांबा को जब्त किया गया एवं आरोपी संजय कुमार सोनकर उर्फ संजू 25 साल बैगापारा न्यू अटल आवास लखोली, राहुल बांसफोड उर्फ कोंदा 25 साल निवासी बैगापारा न्यू अटल आवास लखोली, श्रीबर्तन के संचालक अभिषेक वर्मा 33 साल, वैद्यनाथ बर्तन दुकान वाले हेमंत गुप्ता 47 साल को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई करते न्यायालय ज्युडिशयल रिमांड पर भेजा गया है।

## एक्सप्रेस ट्रेन में छूटे मासूम को आरपीएफ ने परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक परिवार के लोग प्लेटफार्म पर उतरे, इस दौरान उनका मासूम बालक एवं सामान ट्रेन में ही रह गया। जिसकी सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल ने मासूम बच्चे को सकुशल परिवार से मिलाया।

मंडल सुरक्षा आयुक्त नागपुर दीपचंद्र आर्य के निर्देशन तथा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रभारी राजनांदगांव इंस्पेक्टर तरुणा साहू के सुपरविजन में ट्रेन संख्या 17008 दरभंगा एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-3 में यात्रा कर रहे लगभग 10 वर्ष के नाबालिग बालक सौरभ मिश्रा को आरपीएफ द्वारा सकुशल बरामद किया गया।



#### परिजनों को सौंपा गया

यात्रा के दौरान दुर्ग स्टेशन पर बच्चे के माता-पिता प्लेटफॉर्म पर उतर गए थे और ट्रेन चलने से बच्चा एवं सामान ट्रेन में ही रह गया। सूचना प्राप्त होते ही आरपीएफ राजनांदगांव द्वारा त्वरित कार्रवाई करते बच्चे को सुरक्षित अपनी अभिरक्षा में लिया गया तथा उसके पिता विनोद मिश्रा से संपर्क स्थापित किया गया। कुछ समय पश्चात बच्चे के पिता राजनांदगांव आरपीएफ पोस्ट पहुंचे। आवश्यक सत्यापन के उपरांत चाइल्ड लाइन राजनांदगांव की उपस्थिति एवं पोस्ट स्टाफ तथा गवाहों के समक्ष बच्चे को उनके पिता विनोद मिश्रा के सुपुर्द किया गया।

## घर के बरामदे में सजा था जुआ का फड़, पुलिस ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर के बरामदे में एकत्र होकर जुआ खेलने की सूचना पर गैंदाटोला पुलिस ने मौके पर दबिश देकर तीन आरोपियों को पकड़ा। जिनसे नगदी एवं ताश पत्ती जब्त कर कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में ग्राम गैंदाटोला के व्यक्ति गुलजारी सोनी के घर बरामदा में गुलजारी सोनी के साथ कुछ लोगों द्वारा 52 पत्ती ताश में रुपए-पैसों का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ नामक खेल खेल रहे हैं। पुलिस ने वहां दबिश दी।

जुआ रेड कार्रवाई कर आरोपी गुलजारी सोनी 45 साल, शेरसिंह राजपूत 25 साल और धुरसिंह निषाद 49 साल निवासी ग्राम गैंदाटोला को पकड़ा एवं अपराध धारा 3 छग जुआ प्रतिशेष अधिनियम वर्ष 2022 के तहत सभी आरोपियों के पास से कुल 1450 रुपए एवं फड़ से 970 रुपए कुल जुमला रकम 2420 रुपए एवं 52 पत्ती ताश को जब्त किया गया।आरोपियों पर कार्रवाई की गई है एवं आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते धारा-170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर धारा-126, 135(3) बीएनएसएस के तहत ईश्तगासा तैयार न्याायालय में पेश किया है।

## पटरीपार स्थापित होगा सब स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधायक डॉ. रमन सिंह के नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधि रूपचंद भीमनानी ने कहा कि उनका लक्ष्य सन् 2026 में शहर विद्युत शिकायत पर समस्या निवारण की प्रतिक्रिया समय को कम करना प्रमुख लक्ष्य है। ऐसे तो बहुत सारी योजनाएं है, जिन्हें विधायक डॉ. रमन सिंह के मार्गदर्शन में पूरा करने का प्रयास है। जिसमें प्रमुख रूप से इस वर्ष पटरी पार के लिए एक नया उत्तर क्षेत्र सब-डिवीजन, साथ ही एक नया सब-स्टेशन, ताकि पटरी पार के रहवासियों की समस्या पूर्ण समाप्त हो और इसके अतिरिक्त संसाधन और साधन से शहर के पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और ग्रामीण क्षेत्र पर दबाव कम होने से इसका फायदा मिलेगा और आम जनता को बहुत राहत भी मिलेगी।



श्री भीमनानी ने बताया कि विगत वर्ष गर्मी में हुई समस्याओं के अनुभव के आधार पर शिकायत प्रतिक्रिया समय को नियंत्रित करने की योजना अंतर्गत शहर और ग्रामीण क्षेत्र को मैदानी अमला पूरे संसाधनों के साथ पर्याप्त संख्या में बढ़ाया जा सके, इसके लिए भी उच्च स्तरीय प्रयास डॉ. सिंह के मार्गदर्शन में हो रहे हैं। श्री भीमनानी ने कहा कि विगत 20 वर्षों से विद्युत समस्याओं के प्रति सजग होकर लोगों की जनसमस्या के लिए सतत प्रत्यनशील है। उन्होंने कहा कि रसीएसपीसीएल के अधिकारियों के सहयोग और श्रम से बेहतर विद्युत वितरण व्यवस्था शहर को वर्ष 2026 के अंत तक मिलने लगेगी यह तय है।

## मोहारा जल संयत्र का निरीक्षण, मेयर और कलेक्टर ने कहाः जांच के बाद करें सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मोहारा जल संयंत्रगृह का जायजा लिया। महापौर श्री यादव ने ग्रीष्म ऋतु के पूर्व संयंत्र का संधारण करने सभी पंप दुरूस्त कर आवश्यक सामग्री का पर्याप्त भंडारण के निर्देश दिए। वहीं कलेक्टर श्री यादव ने मोहारा के 10, 17 एवं 27 एमएलडी प्लांट का निरीक्षण कर जल शोधन प्रक्रिया देख शिवनाथ नदी में रॉ-वाटर के संग्रहण की जानकारी ली।

महापौर श्री यादव मोहारा जल संयंत्रगृह के तीनों प्लांट का क्रमशः निरीक्षण कर कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के पूर्व एलम, ब्लीचिंग तथा क्लोरिन गैस व अन्य आवश्यक सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखे, पंप आदि को दुरूस्त रखें, अतिरिक्त मोटर भी रखें, ताकि खराब होने की स्थिति में बदला जा सके। उन्होंने प्लांट के सीएफएल व फिल्टर बेड के अलावा सभी पानी टंकियों की सफाई करने के भी निर्देश दिए। जकलेक्टर श्री यादव ने जल शोधन की प्रक्रिया देखी तथा एलम की उपलब्ध मात्रा की जानकारी लेकर गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने कहा। उन्होंने तीनों प्लांट तथा जलशोधन प्रक्रिया की जानकारी ली। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने विस्तार से जलशोधन की जानकारी देते बताया कि मोहारा स्थित शिवनाथ नदी से इंटकवेल के माध्यम से जलशोधन हेतु रॉ-वाटर लेकर क्रमशः 27 एमएलडी, 10 एमएलडी पुराने प्लांट तथा अमृत मिशन द्वारा वर्तमान में निर्मित 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया की जाती है। इसके पश्चात फिटकरी व क्लोरिंन डाल कर पानी को किटाणु रहित किया जाता है।



#### 15 टंकी भरने के बाद सप्लाईः आयुक्त

आयुक्त ने जानकारी दी कि पानी के उपचार में फिल्टर बेड का इस्तेमाल, तरल पदार्थ से ठोस पदार्थों को अलग करने किया जाता है। फिल्टर बेड के जरिये पानी को छिद्रपूर्ण माध्यम या फिल्टर से गुजारा जाता है। शुद्धिकरण पश्चात शहर के 15 टंकी में भरने के पश्चात पाईप लाइन के माध्यम से शहर में पेयजल सप्लाई की जाती है।

#### लैब का भी निरीक्षण

कलेक्टर श्री यादव ने जलशोधन की प्रक्रिया देखने के पश्चात फिल्टर प्लांट के लेब का निरीक्षण किया और विभिन्न प्रकार के टेस्ट को देख पानी की सप्लाई उचित मानक में है या नहीं की जांच कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पाईप लाइन लिकेज एवं गंदा पानी आने की शिकायत का त्वरित निराकरण करें। किसी भी प्रकार की खराबी आने पर आमजनों को भी सूचित करें। इसके अलावा ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त पेयजल सप्लाई के लिए अभी से तैयारी करने निर्देशित किए। उन्होंने अमृत मिशन एजेंसी के ठेकेदार से कहा कि शुद्ध पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की कोताही न हो इसका विशेष ध्यान रखे, अगर किसी भी प्रकार की परेशानी आती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी आपकी होगी।

## इंटर युनिवर्सिटी हॉकी चैम्पियनशिप में ममता का चयन

**राजनांदगांव।** जिले में हॉकी खेल की प्रतिभाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रही रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित निःशुल्क हॉकी खेल प्रशिक्षण केंद्र चिखली की नियमित खिलाड़ी ममता साहू का चयन ईस्ट जोन इंटर युनिवर्सिटी हॉकी चैम्पियनशिप के लिए हुआ है।



दिग्विजय कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, क्रीड़ा अधिकारी अरूण चौधरी, छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवरीनारायण धकेता, प्रोफेसर डॉ. शैलेन्द्र सिंह, क्रीड़ा अधिकारी पीके हरी, परेश वर्मा, अजय लांजेवार, रितु दुबे, यशवंत देशमुख, अनुराज श्रीवास्तव, प्रोफेसर हीरेंद्र बहादुर सिंह, रामू पाटिल, कोच किशोर धीवर, ऋषि मेश्राम ने ममता साहू की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। छात्रा ममता साहू इस प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनका चयन राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 29 दिसंबर को आयोजित ट्रायल तथा 1 से 4 जनवरी तक दुर्ग में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के उपरांत किया गया। ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन संबलपुर युनिवर्सिटी ओड़िशा द्वारा 7 से 11 जनवरी तक संबलपुर (ओड़िशा) में आयोजित होगी।

### ट्रेनिंग का समापन

**राजनांदगांव।** बड़ौदा आरसेटी राजनांदगांव द्वारा ग्राम पंचायत बैगाटोला और छुरिया ब्लॉक के खोभा पंचायत में प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के अंतर्गत चल रहे 30 दिवसीय राजमिस्त्री ट्रेनिंग का सफलतापूर्वक समापन हुआ। राजमिस्त्री के कार्यों, औजार, कार्यों में सुरक्षा, गुणवत्ता, राजमिस्त्री के कार्यों के विभिन्न आयामों की जानकारी डोमेन प्रशिक्षक भुवनेश्वर लाल एवं सरिता रात्रे द्वारा दिया गया। इसके साथ ही सफल उद्यमी के गुणों, बैंकिंग, बचत और विभिन्न सरकारी योजना की जानकारी फैकल्टी प्रेमचंद साहू और ऋषभ मिश्रा द्वारा दी गई।

हरिभूमि

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र 'हरिभूमि' प्राप्त करने, समाचार व विज्ञापन हेतु निम्न स्थानों पर संपर्क करें...

'हरिभूमि' समाचार पत्र के स्थान पर यदि अन्य अखबार मिल रहा हो तो संपर्क करें-

अं.चौकी : उदयन राज त्रिपाठी 9406433993

मोहला : आभास शर्मा - 6260517094

पिनकापार : - 6268260462

### एवरेस्ट बेस ट्रैकिंग से लौटने पर स्टेशन में स्वागत

# माईनस 40 डिग्री में की एवरेस्ट ट्रैकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक पर्वतारोही के लिए एवरेस्ट बेस कैंप तक की ट्रैकिंग काफी महत्व और रोमांचक होती है। जिसका सपना पूरा करने पर्वतारोही कई कठिन परिस्थितियों से होकर गुजरते हैं। हाल ही में शहर के तीन लोगों ने एवरेस्ट बेस कैंप तक की ट्रैकिंग करके अपने लिए एक उपलब्धि हासिल की है। जिनके राजनांदगांव लौटने पर बाजे-गाजे और फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत किया गया।

शहर के पर्वतारोही अतुल कुमार टांक, सुभाष दास और शीतल दास ने एवरेस्ट बेस कैंप तक की ट्रैकिंग पूरी की। उनके शहर लौटने पर स्थानीय रेलवे स्टेशन में परिजनों और ईस्ट मित्रों द्वारा फूल-मालाओं और बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया गया।

ट्रेकिंग के अनुभव को लेकर पर्वतारोही शीतल दास ने बताया कि एक पर्वतारोही के लिए एवरेस्ट बेस कैंप स्वप्न जैसा होता है। उन्होंने बताया कि अपनी इस यात्रा की शुरूआत उन्होंने काठमांडू से शुरू की। 14 दिन के इस सफर में कई उतार-चढ़ाव आए और सफर रोमांचक रहा। उन्होंने बताया कि वहां माइनस 40 डिग्री तापमान था। जिसकी वजह से काफी समस्या भी हुई।



#### एवरेस्ट पर रोमांचक अनुभव

शहर के इन पर्वतारोहियों ने एवरेस्ट बेस कैंप तक 5364 मीटर की ऊंचाई तय की। पर्वतारोही अतुल टांक ने बताया कि आमतौर पर मई-जून में यहां की ट्रेकिंग होती है, जहां विश्वभर से लोग पहुंचते हैं। जिसकी वजह से काफी भीड़ रहती है, लेकिन ठंड के मौसम में ट्रैक खाली रहता है। इस वजह से उन्होंने इस मौसम में ट्रैकिंग किया है।

#### पर्वतारोहियों में उत्साह

लगभग 130 किलोमीटर के एवरेस्ट बेस कैंप तक की ट्रैकिंग के लिए शहर के इन पर्वतारोहियों में काफी उत्साह भरा हुआ था। रेलवे स्टेशन में स्वागत के दौरान पंडित राज दुबे, संतोष शर्मा, आकाश दास, गुणवंत पटेल, मनोज तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।






दोषी अधिकारी पर एफआईआर और वसुली की कार्रवाई नहीं हुई तो दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# किसान कांग्रेस ने लगाया 7 करोड़ के धान घोटाले का आरोप, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में अब करोड़ों के धान चूहे खाने लग गए है, मामला कवर्धा जिले के बाजार चारभाठा धान संग्रहण केंद्र का है। जहां पिछले सत्र 2024-25 में धान स्टॉक किया गया था, जिसका पूर्ण रूप से उठाव होने के बाद लगभग 22000 क्विंटल से अधिक का धान कम पाया गया है, जिसकी कीमत लगभग 7 करोड़ रुपए है, धान सॉर्टेज का मामला सार्वजनिक होने के बाद जिला विपणन अधिकारी का कहना है कि धान को चूहे दीमक कीड़े खा गए इसलिए धान की मात्रा कम हो गई है।

जिस पर जिला विपणन अधिकारी द्वारा 7 करोड़ रुपए का धान चूहे दिमग खा गए बयान के बाद किसान कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता डीएमओं कार्यालय का घेराव करते हुए चूहे पकड़ने का पिंजड़ा सौंपने कार्यालय पहुंचे जहां पुलिस और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में काफी झूमा-झटकी के बाद पिंजड़ा और ज्ञापन सौंपा गया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवीन जायसवाल, रवि चंद्रवंशी, माणिकांत त्रिपाठी, प्रकाश पटेल, भोला चन्द्रवंशी, रमेश साहू, विनोद, रोहित, रामदास, जलेशचेतन, बीरेन्द्र, शिवेंद्र, आशीष, त्रिलोक, सुजल, रोहित, विनोद, शारदा, सालींनी, सूरज संजय राजू दिलीप, अशोक पेखन नेमीचन्द सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## भाजपा सरकार मतलब भ्रष्टाचार की गारंटीः नवीन जायसवाल




जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार में अधिकारियों को भ्रष्टाचार की खुली छूट मिल जाती है, जिस कारण से हमारे भोले-भाले जनता को ठगने का काम इन अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है आज जो कथित रूप से चूहे के द्वारा धान खा गए कहकर अधिकारियों को बचाने का काम भाजपा सरकार कर रही है अति निंदनीय है।

## विपणन अधिकारी को चुहा पकड़ने का पिजरा भेंट करने पहुंचे किसान कांग्रेस

किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी ने कहा कि भाजपा की सरकार में घोटाले होना कोई नयी बात नहीं है, इससे पहले बड़े-बड़े घोटाले हुए जिसमें पनामा घोटाला, नान घोटाला जगजाहिर है किंतु आज जिस प्रकार जिले में गृहमंत्री विजय शर्मा के गृह जिले और पंडरिया विधायक भावना बोहरा के क्षेत्र बाजार चारभाठा धान संग्रहण केंद्र पर 22000 क्विंटल धान कम पाया जा रहा है और इनके अधिकारियों द्वारा 7 करोड़ के धान को चूहे दिमग खाने की बात कहना भ्रष्टाचार का स्पष्ट संदेश है। उन्होने बताया कि आज जिला विपणन अधिकारी को चूहे पकड़ने की जाली के साथ ही माननीय राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा गया है, ज्ञापन के माध्यम से मांग किया है कि बाजार चारभाठा धान संग्रहण केंद्र में एसआईटी जांच कराई जाए व तत्कालीन प्रभारी के ऊपर एफआईआर दर्ज कर राशि वसूली की कार्यवाही की जाए।

# शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है शासकीय प्राथमिक शाला कोलेगांव

- ग्रामवासियों के सहयोग से लगाए गए अतिथि शिक्षकों के सहारे चल रही कक्षाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव




विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम कोलेगांव स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षकों की भारी कमी के चलते शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं विद्यालय में कुल 81 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जबकि नियमित रूप से केवल दो शिक्षक पदस्थ हैं, जिनमें एक प्रधान पाठक एवं एक सहायक शिक्षक शामिल हैं।

वर्तमान स्थिति यह है कि दोनों नियमित शिक्षक प्रशिक्षण एवं शासकीय कार्यों में संलग्न होने के कारण विद्यालय में प्रतिदिन उपलब्ध नहीं रह पा रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में विद्यालय की कक्षाएं ग्रामवासियों द्वारा नियुक्त दो अतिथि शिक्षकों के सहारे संचालित की जा रही हैं। यदि ग्रामवासियों ने यह व्यवस्था नहीं की होती, तो विद्यालय में पढ़ाई सुचारू रूप से चल पाना संभव नहीं होता। शिक्षकों के प्रशिक्षण में होने के कारण प्राथमिक शाला की व्यवस्था फिलहाल मिडिल स्कूल के शिक्षक गोवर्धन चंद्रवंशी द्वारा देखी जा रही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि शासन स्तर पर विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था नहीं हो पा रही है, जिसका सीधा प्रभाव बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से पूर्व प्राथमिक शाला कोलेगांव में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की मांग कर रहे हैं। प्रधान पाठक को कार्यालयीन कार्यों में व्यस्त रहना पड़ता है, वहीं एकमात्र शिक्षक भी अधिकांश समय प्रशिक्षण या अन्य दायित्वों में लगे रहते हैं, जिससे विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पूर्व प्राथमिक शाला कोलेगांव में शीघ्र ही पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की जाए, ताकि पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण हो सके और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**हरिभूमि कवर्धा।** देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को याद करते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार द्वारा गत दिनों रविवार को स्थानीय शहीद पार्क सिग्नल चौक कवर्धा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने अमर जवान, शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु, शहीद चंद्रशेखर आजाद, शहीद उधम सिंह, शहीद सुखदेव एवं शहीद अशफाकउल्लाह खान की प्रतिमाओं पर दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया गया। वहीं वंदे मातरम् भारत माता की जय और महात्मा गांधी की जय के नारों से पूरा परिसर देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। यह आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार के राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी (कनखल, हरिद्वार) के दिशा-निर्देशन एवं छत्तीसगढ़ राज्य अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल के मार्गदर्शन में माह के प्रथम रविवार को नियमित रूप से किया जाता है। कार्यक्रम के पश्चात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर आपसी चर्चा की गई। चर्चा के दौरान डॉ नरेश कुमार यदु, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल को कवर्धा आमंत्रित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। इस संबंध में आगे की रूपरेखा आगामी बैठक में तय की जाएगी। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार के डॉ नरेश कुमार यदु, महेश महोबिया, एसएस जैन, नरोत्तम महोबिया सहित सीनियर सिटीजन समिति कबीरधाम के राष्ट्रपति पुरस्कृत आदित्य श्रीवास्तव, प्रभाकर शुक्ला एवं राजेश पांडेय उपस्थित थें। उक्त जानकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार के डॉ नरेश कुमार यदु द्वारा दी गई।

## खबर संक्षेप

### पेंशनर एसोसिएशन ने कलेक्टर से की सौजन्य भेंट-मुलाकात



**हरिभूमि कवर्धा।** पेंशनर एसोसिएशन कबीरधाम जिला द्वारा मंगलवार को नववर्ष-2026 के अवसर पर जिले के कलेक्टर गोपाल वर्मा से सौजन्य भेंटकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक डॉ नरेश कुमार यदु द्वारा उपस्थित सदस्यों का परिचय कराया गया तथा पेंशनरों से संबंधित विषयों पर सामान्य चर्चा की गई। कार्यक्रम में पेंशनर एसोसिएशन कबीरधाम जिला के अध्यक्ष विजय सिंह ठाकुर, सचिव दिलीप सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष रामसागर कौशिक, उपाध्यक्ष पवन यदु, दिनेश साहू, कैलाश शरण ठाकुर, आनंद तंबोली, प्रकाश देवांगन सहित संरक्षक डॉ नरेश कुमार यदु उपस्थित थें। इसी क्रम में नववर्ष के अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी कबीरधाम योगेश शुक्ला एवं एसोसिएशन के संरक्षक डॉ सुरेश मिश्रा को भी पुष्पगुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी।

### डीयू ने सेमेस्टर परीक्षा का टाइम टेबल जारी किया

**हरिभूमि कवर्धा।** हेमचंद यादव विवि दुर्ग ने प्रथम, तृतीय सेमेस्टर (नियमित-स्वाध्यायी) दिसंबर-जनवरी 2025-26 की समय सारिणी जारी किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 स्नातक स्तर के बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी (गृह विज्ञान), बीबीए, बीसीए प्रथम शामिल है।

# विकास को नई गति देने 9 जनवरी को डिप्टी सीएम अरुण साव का होगा नगर आगमन

## विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा





आगामी 9 जनवरी को पंडरिया नगर में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आगमन होने जा रहा है। इस अवसर पर उनके मुख्य आतिथ्य में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान में सुबह 10 बजे से नगर पालिका परिषद पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई अंतर्गत विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने बताया की हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि 9 जनवरी को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव का आगमन हो रहा है। इस दौरान उनके द्वारा पंडरिया विधानसभा वासियों को विभिन्न विकास कार्यो की सौगात दी जाएगी। उनके आगमन व स्वागत को लेकर तैयारियां जारी है और कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार विवेक शर्मा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है। श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा को निरंतर विकास कार्यो की सौगात मिल रही है। इन विकास कार्यो से विधानसभा वासियों को सुविधा मिल रही रही है, वहीं क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है। पंडरिया विधानसभा में सड़क, पुल, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना निर्माण और सामुदायिक संरचनाओं से जुड़े विभिन्न कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इन कार्यो का लोकार्पण करते हुए उन्हें जनता को समर्पित किया जाएगा, वहीं कई नई योजनाओं का भूमिपूजन कर भविष्य के विकसित पंडरिया की आधारशिला रखी जाएगी। भाजपा सरकार के लिए विकास, सुशासन और जनकल्याण केवल वादे नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली विकास यात्रा हैं। अरुण साव का आगमन पंडरिया विधानसभा के विकास के प्रति सरकार की गंभीरता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। केंद्र एवं राज्य में भाजपा के मजबूत नेतृत्व के कारण क्षेत्र के लिए लगातार नई सौगातें मिल रही हैं और अधूरे कार्य तेजी से पूरे हो रहे हैं। यह कार्यक्रम कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरेगा और पंडरिया विधानसभा को विकासशील से विकसित पंडरिया की ओर अग्रसर करेगा।

### क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में मजबूत कदम

भावना बोहरा ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कुशासन में 5 वर्षो तक उपेक्षित पंडरिया विधानसभा विगत 2 वर्षो में डबल इंजन भाजपा सरकार के कुशल नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा में विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। गांव–गांव में बेहतर सड़कें, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पेयजल एवं बिजली आपूर्ति और बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में मजबूत कदम है। किसी भी देश की प्रगति का रास्ता गांव के विकास से होकर गुजरता है। इसी उद्देश्य से हम ग्रामीण स्तर पर हर गांव-गांव और घर-घर सुविधाओं एवं योजनाओं का विस्तार कर रहें हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार विकास व अधोसंरचना निर्माण के कार्य प्रगति पर हैं।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों का मानदेय लंबित, पेंशनर्स संघ ने डीईओ से की भेंट



**हरिभूमि कवर्धा।** शासन के निर्देशानुसार सत्र के मध्य सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक सत्रांत तक शैक्षणिक कार्य में संलग्न रहते हैं और उन्हें मानदेय दिए जाने का प्रावधान है। इसके बावजूद कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत कार्यरत सेवानिवृत्त शिक्षकों को विगत 5-6 महीनों से मानदेय नहीं मिला, जिससे उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इस संबंध में 6 जनवरी को कबीरधाम जिला पेंशनर्स संघ अध्यक्ष प्रताप चंद्रवंशी, कवर्धा तहसील पेंशनर संघ अध्यक्ष प्रकाश कुमार गुप्ता एवं सलाहकार एसएस जैन ने जिला शिक्षा अधिकारी श्री वर्मा से सौजन्य भेंट कर मानदेय सहित अन्य लंबित भुगतानों के शीघ्र भुगतान हेतु ज्ञापन सौंपा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को मानदेय भुगतान के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं तथा केवल उपस्थिति विवरण भेजना आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की। पेंशनर्स संघ ने सेवानिवृत्त एवं सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों से संपर्क करने की अपील की है, ताकि उनके प्रकरणों का निराकरण किया जा सके।

# पंच कुंडीय श्री लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ और श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ



- नौ दिवसीय श्रीराम कथा आयोजित होने से क्षेत्र में उत्साह का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम मोहतरा कला में श्री लक्ष्मी नारायण एवं भगवान भूतभावन महादेव की कृपा से दिव्य पंच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 7 से 15 जनवरी तक आयोजित किया किया। इस धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामवासियों के साथ-साथ आसपास के गांवों में भी खुशी एवं उत्साह का माहौल बना हुआ है। आयोजन के शुभारंभ अवसर पर ग्राम की महिलाओं-बहनों द्वारा भव्य जल यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं-बहने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुई। जल यात्रा के पश्चात विद्वान पंडितों द्वारा वेद-पाठ एवं पुराणोक्त मंत्रोच्चार के साथ विधिवत यज्ञ प्रारंभ किया गया। संपूर्ण ग्राम का वातावरण भक्तिमय हो उठा, मानो ग्राम मोहतरा कला वृंदावन धाम का स्वरूप धारण कर चुका हो। इस आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य श्री श्री 108 वल्लभाचार्य महाराज (अयोध्या धाम, उत्तर प्रदेश) के श्रीमुख से श्रीराम कथा का वाचन किया जाएगा। साथ ही महंत रसी केश्वर दास महाराज (खजुहा धाम, रीवा, मध्यप्रदेश) एवं अनंत विभूषित पंचरसाचार्य प्रेमावतार स्वामी श्रीमद् राम हर्षण दास महाराज का भी सान्निध्य प्राप्त होगा। यज्ञाचार्य एवं मंच संचालन की जिम्मेदारी मेघानंद शास्त्री कर्मकांडी (ग्राम चिल्हाटी) द्वारा निभाई जा रही है। इस महायज्ञ के मुख्य यजमान के रूप में श्रीमती कंचन लता पहलाद तिवारी विराजमान हैं, वहीं ग्राम आचार्य राधेलाल शर्मा (ग्राम कंझेटा) धार्मिक अनुष्ठानों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त रात्रिकालीन संगीतमय धार्मिक कार्यक्रम एवं प्रतिदिन भोजन प्रसाद भंडारे की भी व्यवस्था की गई है।

## न्यायालय तहसीलदार पिपरिया (वृत्त दशरंगपुर) जिला-कबीरधाम छ.ग.

// **ईश्तहार** //

ई कोर्ट नंबर.................................. /ब/121/2025-26
ग्राम-खपरी

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंद कुमार राजपूत पिता ठाकुर सिंह, निवास का पता ग्राम खपरी तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ द्वारा अपने पुत्र कुलदीप राजपूत पिता नंद कुमार राजपूत के लिए केन्द्र सरकार के अन्तर्गत शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश होने हेतु आर्थिक आधार पर आरक्षण का प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र, आय प्रमाण पत्र, शैक्षणिक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो अथवा आवेदक एवं उनके परिवार के संपत्ति के बारे में जानकारी देना हो तो दिनांक 12.01.2026 को दोपहर 05.00 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश अथवा जानकारी प्रदाय कर सकते हैं।

आज दिनांक 02.01.2026 को मेरे न्यायालय की मुंहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 02.01.2026
पेशी तिथि - 12.01.2026

मुहर

तहसीलदार
पिपरिया

# सारंगपुर खुर्द में गौरव पथ निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सारंगपुर खुर्द, विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया का आश्रित ग्राम है। गांव की वर्षो पुरानी बुनियादी समस्याओं को लेकर लगातार समाचार प्रकाशित होने के बाद अब विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। ग्रामीणों की आवाज, समस्याएं एवं मांगें शासन तक पहुंचने के पश्चात छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर खुर्द में गौरव पथ निर्माण हेतु 41 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति मिलते ही ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। वर्तमान में गांव की गलियों में साफ-सफाई कर गिट्टी का चूर्ण डाला जा चुका है। अब रेता, गिट्टी एवं सीमेंट के मिश्रण से मशीन द्वारा सीसी सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 500 मीटर तक गौरव पथ सीसी सड़क एवं नाली निर्माण किया जाएगा। ठेकेदार द्वारा कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। गौरव पथ निर्माण से गांव में बरसात एवं गर्मी के दिनों में होने वाली कीचड़, धूल एवं आवागमन की समस्याओं से लोगों को राहत मिलेगी। निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में उत्साह और हर्ष का माहौल बना हुआ है। इस विकास कार्य के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए सारंगपुर खुर्द निवासी कौशल सिंह ठाकुर, रोहित सिंह ठाकुर, कल्याण सिंह ठाकुर, कार्तिक धुर्वे, पीतांबर सिंह ठाकुर, शंकर धुर्वे, चंद्रेश चंद्रवंशी सहित समस्त ग्रामीण नागरिकों ने खुशी जाहिर की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में चारों ओर विकास की शुरुआत हुई है, जिससे लंबे समय से चली आ रही बुनियादी समस्याओं का समाधान संभव हो पाया है।

## सीता-राम विवाह व वनवास प्रसंग ने किया भक्तजनों को भाव-विभोर

# श्रीराम कथा सुनने उमड़ रही भक्तों की भीड़




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर में मित्तल परिवार द्वारा कवर्धा के रायपुर रोड में आयोजित श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ निरंतर जारी है। इस पावन अवसर पर अयोध्या से पधारी मानस विदूषी चंद्रकला देवी के श्रीमुख से प्रतिदिन मधुर एवं ओजस्वी वाणी में श्रीराम कथा की अविरल गंगा प्रवाहित हो रही है। मंगलवार को कथा के दौरान देवी चंद्रकला ने श्रीराम और किशोरी सीता के दिव्य विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने विवाह को ब्रह्मांड का सबसे सुंदर और अलौकिक मंगल अवसर बताते हुए कहा कि यह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि धर्म और मर्यादा का मिलन था। कथा के इस प्रसंग ने उपस्थित श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को बालकाण्ड के समापन पर प्रवचन करते हुए उन्होने राजा दशरथ के चौथेपन, श्रीराम के राज्याभिषेक के निर्णय और इस पर रानी केकई की प्रारंभिक प्रसन्नता का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मंथरा द्वारा रानी केकई को दिग्भ्रमित किए जाने के बाद घटनाक्रम बदलता है और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को वनवास स्वीकार करना पड़ता है। वनवास प्रसंग के अंतर्गत श्रृंगवेरपुर में निषादराज से भेंट और गंगा पार कराने की कथा का मार्मिक वर्णन करते हुए कथावाचिका ने कहा कि श्रीराम का जीवन त्याग, समर्पण और सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण है। इस प्रसंग ने भी श्रद्धालुओं को गहरे भावों में डुबो दिया। कथा के दौरान देवी चंद्रकला ने 5 जनवरी को श्री गुरु तेग बहादुर की शहादत का उल्लेख करते हुए उनके बलिदान पर विस्तृत व्याख्यान दिया। वहीं बुधवार को श्री गोबिंद सिंह की शोभा यात्रा के पश्चात वे गुरुद्वारा साहिब पहुंचीं, जहां उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेककर श्रद्धा निवेदित की। श्रीराम कथा आयोजन स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा श्रवण कर धर्म और भक्ति रस का लाभ उठा रहे हैं। आयोजन को लेकर नगर में धार्मिक वातावरण व्याप्त है।

## खबर संक्षेप

### अब तक 1.05 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

**कवर्धा।** धान खरीदी के साथ-साथ अब खरीदी केंद्रों से धान उठाव ने भी रफ्तार पकड़ ली है। जिले में संग्रहण केंद्रों से तेजी से धान उठाव पर फोकस किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बीते दिनों अधिकारियों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा का ध्यान रखते हुए खरीदी केंद्रों से धान उठाव की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जिससे केंद्रों में खरीदी की प्रक्रिया किसी भी प्रकार से प्रभावित न हो। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले जिले के 108 खरीदी केंद्रों में 69 हजार 132 किसानों से 3 लाख 63 हजार 277 मैट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। वहीं समितियों से अब तक 1 लाख 5 हजार 96 मैट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। वहीं किसानों को धान खरीदी के एवज में 863 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। खाद्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उपार्जन केंद्रों से धान उठाव को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मिलर्स एवं परिवहनकर्ताओं को नियमित रूप से डीओ एवं टीओ जारी किए जा रहे हैं।

**हादसा:** भोरमदेव तिराहा के पास ट्रक ने मारी मोपेड को टक्कर, शराब दुकान हटाने की मांग

# सड़क हादसा, कोटवार की मौत, 4 घंटा चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा से होकर गुजरने वाले कवर्धा-जबलपुर नेशनल हाईवे स्थित कवर्धा ट्रासपोर्ट नगर के पास बुधवार की दोपहर एक बार फिर भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें एक अज्ञात ट्रक चालक ने मोटर सायकल सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मोटर सायकल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। वहीं घटना के बाद मृतक के परिजनो तथा विपक्षी दल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मृतक का शव सड़क में रखकर मार्ग जाम कर दिया और शासन प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन दिया। मृतक के परिजनो ने मांग की है कि मार्ग में स्थित सरकारी शराब दुकान को तत्काल हटाया जाए तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। जिस पर प्रशासन ने परिजनो को आश्वासन दिया है जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर करीब 12.00 बजे कवर्धा ट्रांसपोर्ट नगर के पास एक भीषण सड़क हादसे में कवर्धा नगरपालिका वार्ड क्रमांक 18 निवासी कोटवार दिलीप पात्रे आयु 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि दिलीप पात्रे सरकारी दस्तावेज तामिली के लिए अपने टीवीएस वाहन क्रमांक सीजी 09 जेक्यू 2010 से जा रहे थे इसी दौरान भोरमदेव तिराहा मोड़ के पास एक अज्ञात ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। बाद में इस घटना की जानकारी कवर्धा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। लेकिन अभी तक फरार आरोपी की गिरफ्तारी संबंधी जानकारी नहीं मिल पाई है।



### सड़क पर शव रखकर किया गया चक्काजाम व प्रदर्शन

वहीं दूसरी तरफ इस हृदय विदारक घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन, स्थानीय नागरिकों के साथ सामाजिक संगठन एवं भीम आर्मी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। कुछ देर बाद कांग्रेस कार्यकर्ता भी परिजनों के समर्थन में प्रदर्शन में शामिल हो गए। चक्काजाम के चलते हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शासन प्रशासन से मांग की गई है कि परिजन मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा एवं एक सरकारी नौकरी दिया जाएगा बाद में पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों और मृतक के परिजनो को समझाईश दी तथा उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर धरना प्रदर्शन समाप्त कर चक्काजाम बहाल किया गया।

### मार्ग में स्थित सरकारी शराब दुकान को हटाने की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना स्थल से महज 300 मीटर की दूरी पर सरकारी शराब दुकान स्थित है, वही यहां पर ट्रांसपोर्ट एरिया है जहां बड़ी संख्या में ट्रक खड़े रहते हैं, जिससे क्षेत्र में लगातार ट्रैफिक दबाव बना रहता है। इसी कारण यहां पूर्व में भी कई हादसे हो चुके हैं और अनेक लोगों की जान जा चुकी है। लोगों की लंबे समय से मांग है कि इस शराब दुकान को यहां से हटाया जाए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। संगठनों ने शराब दुकान को तत्काल हटाने तथा मंडी से भोरमदेव तिराहा होते हुए मिनीमाता चौक तक बड़े स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग रखी।

### करीब चार घंटे जाम रहा नेशनल हाईवे, लगा लंबा जाम, लोगों को उठानी पड़ी भारी परेशानी

चक्काजाम की सूचना पर पुलिस प्रशासन, तहसीलदार, एसडीएम एवं आबकारी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। लगभग चार घंटे तक चले चक्काजाम के बाद प्रशासन द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया कि शराब दुकान को 15 दिवस के भीतर हटाया जाएगा तथा नियमानुसार मुआवजा एवं अन्य सहयोग शीघ्र प्रदान किया जाएगा। वही पुलिस का कहना है जिस ट्रक से हादसा हुआ है उसकी पहचान कर ली गई है और जांच कार्यवाही जारी है इसके बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। प्रदर्शन समाप्त होने के पश्चात मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# शिक्षकों के मोबाइल से उपस्थिति लेना निजता का हनन:एसोसिएशन

## बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति ले शिक्षा विभाग

- शिक्षक सुधारात्मक व्यवस्था के विरोधी नहीं, लेकिन बगैर वित्तीय सुरक्षा के थोपी गई व्यवस्था स्वीकार्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने विद्यालयों में मोबाइल नेट सुविधा व बायोमेट्रिक पंच मशीन उपलब्ध कराए जाने का मांग करते हुए कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति मोबाइल एप से दर्ज कराने का निर्णय व्यवहारिक नहीं है। यह शिक्षकों की निजता एवं वित्तीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है।

निजी मोबाइल के माध्यम से उपस्थिति लेना अत्यंत आपत्तिजनक है। इस संबंध में एसोसिएशन के प्रांतीय इकाई ने स्कूल शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के संचालक को पत्र भी प्रेषित किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि शिक्षकों के निजी मोबाइल से शासकीय उपस्थिति दर्ज कराना निजता के अधिकार का उल्लंघन है। यदि शासन को बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करना है, तो प्रत्येक विद्यालय में बायोमेट्रिक पंच मशीन एवं स्थायी इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराया जाना चाहिए।




उन्होंने कहा कि मोबाइल एप से उपस्थिति लेने का आशय यह प्रतीत होता है कि शासन को अपनी निरीक्षण व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। वहीं दूसरी ओर शासकीय कार्यों के लिए शिक्षकों को निजी मोबाइल का उपयोग करने के लिए विवश किया जा रहा है, जिससे उनके व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। जिले में कई शिक्षक साइबर ठगी के शिकार हो चुके हैं। फर्जी डीपीआई अधिकारी, पुलिस अधिकारी या बैंक अधिकारी बनकर कॉल कर शिक्षकों को ठगने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे में निजी मोबाइल पर शासकीय एप का दबाव शिक्षकों को और अधिक वित्तीय जोखिम में डालता है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने शासन से मांग किया है कि प्रत्येक विद्यालय में बायोमेट्रिक मशीन एवं इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

शासकीय कार्य हेतु प्रत्येक स्कूल को एक लैपटॉप प्रदान किया जावे। टीचर्स एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि शिक्षक किसी भी सुधारात्मक व्यवस्था के विरोधी नहीं हैं, लेकिन बिना वित्तीय सुरक्षा व विश्वास के थोपी गई व्यवस्था स्वीकार्य नहीं है।

## शीतलहर और ठंड से बचाव की एडवाइजरी जारी



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में शीतलहर एवं ठंड का प्रकोप बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे ने बताया कि जिले का तापमान दिन के समय 24 सेल्सियस से कम और रात में 10 सेल्सियस से नीचे दर्ज किया जा रहा है। ऐसे में ठंडी हवाओं का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। डॉ. तुर्रे ने बताया कि शीतलहर का सबसे अधिक प्रभाव बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों एवं उच्च रक्तचाप वाले मरीजों पर पड़ता है। ठंड के कारण रक्त वाहिकाएं सिकुड़ने से हृदय पर दबाव बढ़ जाता है, जिससे हृदयघात, ब्रेन स्ट्रोक और अनियमित धड़कन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति में अत्यधिक ठिठुरन, शरीर अकड़ना, उंगलियों का पीला या सफेद होना, सुन्नपन जैसे लक्षण दिखाई दें तो तत्काल नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने नागरिकों को ठंड से बचाव के लिए स्वेटर, मोजे, दस्ताने और गर्म कपड़ों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। इसके साथ ही उन्होंने आग तापते समय सावधानी बरतने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बंद कमरे में कोयला जलाना अत्यंत खतरनाक है क्योंकि इससे निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस जहरीली होती है और यह जानलेवा साबित हो सकती है। सीएमएचओ ने बताया कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ठंड से पीड़ित मरीजों के उपचार के लिए पृथक बेड आरक्षित रखने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि मौसम के अनुरूप वस्त्र पहनें, अनावश्यक रूप से ठंड में बाहर न निकलें तथा किसी भी स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या टोल-फ्री नंबर 104 पर संपर्क करें।

# एनएच से ग्राम भेदली तक 12.91 किमी लंबी सड़क की रखी गई नींव

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से क्षेत्र का हो रहा समुचित विकासः डॉ वीरेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से अब विधानसभा कवर्धा के ग्राम भेदली क्षेत्र के ग्रामीणों की न सिर्फ सुलभ आवागमन की राह आसान होने वाली है बल्कि विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा, क्योंकि क्षेत्रीय विधायक श्री शर्मा के प्रयासों से यहां प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत नेशनल हाईवे से ग्राम भेदली तक 12.91 किलो मीटर लंबी सड़क के नवीनीकरण के लिए 8.13 करोड़ की राशि स्वीकृति प्रदान की गई। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य डॉ. वीरेन्द्र साहू ने बताया कि सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान होने के पश्चात उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा तत्परता दिखाते हुए तत्काल सड़क निर्माण का भूमिपूजन भी कर दिया गया है।



क्षेत्रवासियों को इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य सौगात मिलने से उनमें हर्ष एवं उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेंद्र साहू ने अपने जिला पंचायत क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य की स्वीकृति एवं भूमिपूजन संपन्न होने पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा जनहित से जुड़े विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए त्वरित निर्णय एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में ग्रामीण अंचलों की बुनियादी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक विकास कार्य हो रहे हैं, जिससे आमजन का शासन के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। डॉ. साहू ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सड़क क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी। इस सड़क के निर्माण से ग्राम भीमपुरी, सोनपुरी, खैरझिटी, कुटकीपारा, जिंदा, झिरौनी एवं बंदौरा सहित आसपास के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं आपातकालीन सेवाओं तक पहुंच सुलभ होने से क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

# अपराधों में 31 प्रतिशत की कमी सफलता पर पुलिस कर्मी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अपराध नियंत्रण एवं प्रकरणों के प्रभावी निराकरण में उत्कृष्ट, सराहनीय एवं अनुकरणीय भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।




पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं पेशेवर दक्षता के साथ कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों का सम्मान आवश्यक है, जिससे पुलिस बल का मनोबल सुदृढ़ होता है तथा वे और अधिक निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशन में कोतवाली थाना क्षेत्र में वर्ष 2025 के दौरान अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में कुल अपराधों में लगभग 31 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2024 में कुल 784 अपराध पंजीबद्ध हुए थे, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या घटकर 542 रह गई।

यह उपलब्धि सतत निगरानी, प्रभावी गश्त, त्वरित विवेचना तथा अपराधियों के विरुद्ध की गई सख्त कार्रवाई का प्रतिफल है। आंकड़ों के अनुसार गंभीर अपराधों में प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है। हत्या के मामलों में 50 प्रतिशत, हत्या के प्रयास में 80 प्रतिशत, डकैती में 100 प्रतिशत, लूट में 90 प्रतिशत, नकबजनी में 74 प्रतिशत तथा चोरी के मामलों में 53 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

इसी प्रकार शीलभंग, प्रताड़ना (498ए भादवि), एनडीपीएस एक्ट एवं आबकारी एक्ट से संबंधित अपराधों में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि अपराध नियंत्रण, त्वरित विवेचना, पीड़ितों को न्याय दिलाना तथा समाज में कानून के प्रति विश्वास बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोतवाली थाना क्षेत्र में अपराधों में आई कमी पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के समन्वित, सतत एवं योजनाबद्ध प्रयासों का परिणाम है।

# टेलीस्कोप से बच्चों ने देखा सूर्य, चंद्रमा, शनि और अन्य ग्रहों का लाइव नजारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित दो दिवसीय खगोल कार्यशाला एवं रात्रिकालीन आकाश अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों सहित जिले के अनेक नागरिकों ने पहली बार टेलीस्कोप से सूर्य, चंद्रमा, शनि सहित अन्य ग्रहों को स्पष्ट देखा। वो दृश्य, जिन्हें बच्चे अब तक सिर्फ किताबों में देखते और पढ़ते थे, उन्हें वास्तविक रूप में देखकर उनके चेहरे उत्साह और आश्चर्य से खिल उठे। रात्रिकालीन आकाश अवलोकन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने 1.2 अरब किलोमीटर दूर शनि ग्रह को स्पष्ट देखा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने भी टेलीस्कोप के माध्यम से ग्रहों और चंद्रमा का अवलोकन किया तथा बच्चों व प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। दो दिवसीय खगोल कार्यशाला छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर रायपुर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा शिक्षा विभाग के सहयोग से सेजेस स्कूल, दुर्गावती चौक, कवर्धा में आयोजित की गई। 06 एवं 07 जनवरी को आयोजित इस अनूठे कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ग्रहों, तारों, नक्षत्रों और ब्रह्मांड से जुड़ी वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल भाषा में समझाया गया।

**महात्मा गांधी के नाम का वर्षों तक राजनीतिक उपयोग किया गया : जगन्नाथ पाणिग्रही**

# राम और गांधी के नाम से कांग्रेस को आपत्ति, भाजपा का पलटवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने कवर्धा भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक महात्मा गांधी के नाम का राजनीतिक दुरुपयोग कर केवल वोट बटोरने का काम किया, जबकि उसके कार्यों का गांधीवादी विचारधारा से कोई वास्तविक सरोकार नहीं रहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गांधीजी के नाम को सिर्फ कागजों में सीमित कर दिया। मनरेगा जैसी योजनाओं में भी गांधी का नाम रखा गया, लेकिन उनके ग्राम स्वराज और आत्मनिर्भर गांव की सोच को कभी ईमानदारी से लागू नहीं किया गया। महात्मा गांधी रामराज्य की कल्पना करते थे, जिसमें समानता, न्याय और मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री पाणिग्रही ने कहा कि वी बी जी रामजी बिल के माध्यम से भाजपा सरकार ने ग्रामीण विकास को सशक्त करने की ठोस पहल की है। इस विधेयक का उद्देश्य गांवों में सड़क, जल आपूर्ति, जल संरक्षण, आजीविका के संसाधन, मौसम एवं जलवायु आधारित विकास को मजबूती देना है।




"जल है तो कल है" की भावना के साथ यह बिल लाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को इस बिल से आपत्ति केवल और केवल राम के नाम को लेकर है। जब भी राम का नाम आता है, कांग्रेस विरोध करती है, जो कि भारत की संस्कृति और आस्था का विरोध है। कांग्रेस शासनकाल में करोड़ो,अरबो रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीण भारत की तस्वीर नहीं बदली। श्री पाणिग्रही ने कहा कि 2004 का भारत और 2025 का भारत पूरी तरह बदल चुका है। कांग्रेस के समय इंदिरा आवास योजना, राजीव गांधी घेंघा रोग योजना जैसी योजनाएं चलाई गईं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना अपने नाम के प्रचार के लिए नहीं, बल्कि जनकल्याण के उद्देश्य से शुरू की। उन्होंने जानकारी दी कि रोजगार के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है तथा बोआई और कटाई के बीच राज्य की परिस्थितियों के अनुसार 60 दिन का अंतराल देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही बेरोजगारी भत्ता देने की व्यवस्था भी की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, जसविंदर बग्गा, अनिल ठाकुर, संतोष पटेल, परेटन वर्मा सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जनगणना 2027 की तैयारी शुरू अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आगामी भारत जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों की भौगोलिक सीमाओं के भू-संदर्भीकरण (जियो रिफ्रेंसिंग) कार्य को सटीक एवं त्रुटिरहित रूप से पूर्ण कराने के उद्देश्य से जिला स्तर पर अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी तहसीलों के चार्ज अधिकारी (ग्रामीण एवं नगरीय) तथा उनके द्वारा नामांकित तकनीकी रूप से दक्ष कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में गूगल अर्थ प्रो के माध्यम से ग्राम एवं नगर सीमाओं के सत्यापन, सुधार तथा अद्यतन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी विनय पोयाम ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर समस्त कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता एवं सटीकता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा कवर्धा के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी बलवंत सोम कुंवर ने प्रशिक्षण प्रदान करते हुए बताया कि जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा तहसील-वार प्रदत्त शेप फाइल का सूक्ष्म परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि संबंधित तहसील अंतर्गत सभी राजस्व ग्राम एवं नगरीय क्षेत्र मानचित्र में समुचित रूप से सम्मिलित हों।

यदि किसी प्रकार की विसंगति पाई जाती है, तो आवश्यक सुधार कर संशोधित शेप फाइल समयसीमा में निदेशालय को प्रेषित की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए मानचित्रों की पूर्णता, सटीकता एवं प्रमाणीकरण सुनिश्चित करें, ताकि जनगणना 2027 का कार्य सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपादित किया जा सके। इस दौरान सभी तहसील के तहसीलदार एवं सीएमओ उपस्थित थे।